52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 25.1°c अधिकतम 33.8 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:51 सूर्यास्त : 6:51 | वर्ष : 52/ अंक : 233 | शुक्रवार, 23 अगस्त 2024 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

**अमृतवाणी**

जिसके साथ बात करने से खुशी दोगुनी हो जाये और जिसके केवल 'साथ' रहने से ही दुख आधा रह जाये, सिर्फ वो ही अपना तो बाकी तो बस नाम की दुनिया है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

2017 से पहले प्रदेश में गुंडागर्दी होती थी, आज बेटी और व्यापारी दोनों सुरक्षित हैं : योगी आदित्यनाथ



कानून का जो खौफ है.... कायम रहे सदा......

# 2017 से पहले होते थे दंगे, आज हजारों नौकरियों का उपहार





**मुजफ्फरनगर, 22 अगस्त (बु.)।** मीरापुर के बीआईटी कॉलेज के मैदान में विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी सरकार लगातार विकास की राह पर चल रही है। उन्होंने छात्र-छात्राओं व आमजन को सम्बोधित करते हुए 15864.66 लाख की 91 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं 15771.83 लाख की 55 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। मीरापुर गांव के कासमपुर खोला में युवाओं के खेल प्रोत्साहन हेतु 777.27 लाख की लागत से बनने वाले एक मिनी स्टेडियम का भी शिलान्यास मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से किया। विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत चयनित पात्रों एवं एमएसएमई उद्यमियों को 30 करोड़ से अधिक की धनराशि का ऋण वितरित किया गया। मुख्यमंत्री ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जिन-जिन परियोजनाओं की मांग सपा-रालोद के नेताओं मंत्री कपिल देव अग्रवाल, ऊर्जा मंत्री सोमेन्द्र तोमर, मंत्री अनिल विधायक आदि नेताओं ने की, उन सब पर हमने मोहर लगा दी और मुजफ्फरनगर के लिये नये आयाम स्थापित किये। उन्होंने कहा कि 7000 से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। 2013 के दंगों की याद दिलाते हुए उन्होंने कहा कि याद करो कि 2017 से पहले आप ही के मुजफ्फरनगर में दंगा हुआ करते थे मगर आज युवाओं को रोजगार व्यापारियों को व्यापार मिलने के साथ साथ आज हमारे घर की बेटी-बहन भी सुरक्षित हैं। एक ओर जहां कैराना, शामली में दंगें व पलायन हुआ करते थे उसी कैराना-शामली में आज उद्योग स्थापित किये जा रहे हैं। हमारी सरकार द्वारा लगातार युवाओं को रोजगार एवं सुरक्षा की गारंटी दी जा रही है। मुजफ्फरनगर की जमीन से ही

शेष - पृष्ठ-4 पर

## मोरना चीनी मिल के लिए 65 करोड़ रुपये स्वीकृत

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शासन की उपलब्धियां गिनाने के साथ साथ बताया कि अब मोरना चीनी मिल को योजना का लाभ देते हुए उन्होंने मिल के सौन्दर्यकरण व विस्तारीकरण के लिए 65 करोड़ रुपये स्वीकृत किये हैं। ठीक उसी तरह जैसे के हमने मुजफ्फरनगर जिले की अन्य चीनी मिलों के लिए काम किया है, उन्होंने फिर दोहराते हुए कहा कि मुजफ्फरनगर में अब व्यापार फलते फूलते हैं और सिर्फ मुजफ्फरनगर ही नहीं कैराना जैसे पलायन करने वाले इलाकों में भी अब उद्योग धंधे फलने फूलने लगे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने एमएसएमई की दस लाख नई युनिट लगाने की योजना बनाई है। जिसमें पहले चरण में पांच लाख रुपये का लोन ब्याज से मुक्ति देने की व्यवस्था भी की है।



## मैंने पहले ही कहा था, बहन-बेटियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों का अगले चौराहे पर यमराज इंतजार कर रहा होगा

**मुजफ्फरनगर ।** मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले के सपा शासन की याद तो दिलाई ही, साथ ही साथ सपा मुखिया को बेशर्मी जैसे शब्दों से नवाजा। उन्होंने कहा कि शर्म आनी चाहिए सपा मुखिया को कि वे आज भी बेटियों के साथ कुकृत्यों करने वालों की हिमायत करते दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि सपा का मॉडल कन्नौज के नवाब ब्रांड वाला है वहीं दूसरी ओर अयोध्या में बेटी के साथ घृणित कार्य करने वालों की हिमायत सपा के मुखिया ही कर सकते हैं, ऐसी बेशर्मी उन्होंने किसी और के अंदर नहीं देखी। उन्होंने कहा कि हमने पहले ही कह दिया था कि बेटियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के लिए अगले चौराहे पर यमाराज उनकी इंतजार करते हुए दिखेंगे। उन्होंने अयोध्या की घटना पर हाथोंहाथ कार्यवाही करते हुए बुल्डोजर फेरने की बात भी कही।

## मुजफ्फरनगर के गुड़ की मिठास आज पूरे देश में

**मुजफ्फरनगर।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब वो दिन गए जब 2017 से पहले यहां आतंक का माहौल था। हमने व्यापारियों और अपनी बेटियों दोनों की सुरक्षा की गारंटी पहले से ही दे रखी है। अब 2017 से पहले की तरह यहां दंगे नहीं बल्कि गुड़ जैसे बड़े कारोबार होते देखे जा रहे हैं। आज मुजफ्फरनगर किसी कड़वाहट का नहीं बल्कि मिठास का प्रतीक बन चुका है और यहां के गुड़ की मिठास पूरे देश में अपनी महक फैला रही है। शानदार पैकिंग में सजा गुड़ हर कोई खाना पसंद करता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आगे भी व्यापारियों को इसी तरह बढ़ावा दिया जायेगा और मुजफ्फरनगर व्यापार कभी भी व्यापार के संकट से नहीं जूझेगा।







33वीं पुण्यतिथि

24.06.1930–23.08.1991

स्व. श्री ओमप्रकाश पुरी

यं हि न व्यथयन्त्येते पुरुषर्षभ।
समदुः खसुखं धीरं सोह्यमृतत्वाय कल्पते।।

हे पुरुषश्रेष्ठ (अर्जुन) जो पुरुष सुख तथा दुःख में विचलित नही होता और इन दोनो में समभाव रहता है, वह निश्चित रुप से मुक्ति के योग्य है।

समस्त परिजन एवं कर्मचारीगण

पुरी इण्डस्ट्रीज — PURI VALVE Since 1961 — Manufacturer of water work and industrial valves — Approved by UP JAL NIGAM

PURI ENERGIES (Retail outlet IOCL) — IndianOil

भावपूर्ण श्रद्धांजलि — भावपूर्ण श्रद्धांजलि



स्व. सोमांश प्रकाश जी

(पूर्व विधायक एवं अध्यक्ष, एस.डी. कॉलेज एसोसिएशन, मुजफ्फरनगर )

तू जहाँ भी जाएगा, वहीं रोशनी लुटायेगा - किसी चराग का अपना मकाँ नही होता।

मुजफ्फरनगर जनपद के दिग्गज एवं वयोवृद्ध जनप्रिय नेता, तीन बार के पूर्व विधायक, प्रसिद्ध समाजसेवी, १० वर्षों तक जिला काँग्रेस कमेटी, एस.डी. एसोसिएशन एवं श्री शुकदेव आश्रम स्वामी कल्याण देव सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष, अनेकों शिक्षण संस्थाओं में पदाधिकारी, पूर्व प्रधानमंत्री मा. राजीव गाँधी एवं मा. वी.पी. सिंह के अत्यन्त करीबी, जनता दल के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, टिकौला शुगर मिल्स लि० टिकौला के संस्थापक, निर्धनों व असहाय लोगों के सहायक धर्मपरायण, भारतीय सस्कृति के आदर्श, राजनीति में रहते हुए भी निष्कलंक एवं ईमानदार छवि के धारक जैसे- अनेकों संबोधनों के सुयोग्य पात्र **परम आदरणीय श्री सोमांश प्रकाश जी** के ब्रह्मलीन होने पर हम सब अत्यंत व्यथित एवं स्तब्ध हैं। जैन समाज खतौली एवं बैंकिंग ट्रेड यूनियन के अखिल भारतीय लीडर स्व० का० सुरेन्द्र कुमार जैन के निकटतम, जनपद की इस महान विभूति का जाना हम सबके लिए ह्दयविदारक एवं अपूर्णीय क्षति है। मृत्यु शाश्वत सत्य हैं। इस पर किसी का वश नहीं। हम परमपिता से प्रार्थना करते है कि दिवंगत आत्मा को वैकुंठ में स्थान तथा चिरशान्ति प्राप्त हो, परिवारजनों को हार्दिक संवेदना। दिवंगत आत्मा को हम अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।

-: मधुर स्मृति में :-

श्री कुंद-कुंद जैन एजुकेशन एसोसिएशन (रजि०) खतौली

संजय जैन (प्रेम विहार) — अध्यक्ष

दीपक कुमार जैन — महामंत्री

संचालित संस्थाएँ-
श्री कुंद-कुंद जैन पी.जी. कॉलेज, खतौली
श्री कुंद-कुंद जैन इण्टर कॉलेज, खतौली
श्री कुंद-कुंद जैन कन्या विद्यालय, खतौली
श्री कुंद-कुंद जैन पब्लिक स्कूल, खतौली

## आज का इतिहास

नई दिल्ली, 22 अगस्त (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 23 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार है। 1821-मेक्सिको ने आजादी की घोषणा की। 1839-ब्रिटेन ने चीन के साथ युद्ध में हांगकांग पर कब्जा किया। 1872-प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और आंध्रा राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री टी. प्रकाशम का जन्म। 1914-जापान द्वारा जर्मनी के विरुद्ध युद्ध की घोषणा। 1923-कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ का जन्म। 1939-तत्कालीन सोवियत संघ और जर्मनी के बीच गैर-आक्रामकता संधि पर हस्ताक्षर किये गये। 1944-प्रसिद्ध फि ल्म अभिनेत्री सायरा बानो का जन्म। 1947-वल्लभभाई पटेल भारत के उप प्रधानमंत्री बने। 1968-प्रसिद्ध भारतीय पार्श्वगायक के. के. (गायक) का जन्म। 1975-प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीत गायक विनायकराव पटवर्धन का निधन। 1976-चीन में भूकंप से हजारों लोगों की मौत। 1979-ईरान की सेना ने कुर्दों के खिलाफ मोर्चा खोला। 1990-पूर्व और पश्चिम जर्मनी ने तीन अक्टूबर को एकजुट होने की घोषणा की। 1993-सन 2000 के ऐतिहासिक ओलंपिक खेलों की मेजबानी आस्ट्रेलियाई नगर सिडनी को सौंपी गई। 1994-भारत की प्रसिद्ध महिला तैराक आरती साहा का निधन। 1997-सं.रा. अमेरिका के मिसीसिपी यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर को चार साल पहले मिला हल्दी का पेटेन्ट रद्द। 1999-इजरायल और फि लिस्तीन के बीच मान्यता सम्बन्धी मुद्दों पर वार्ता पुनः प्रारम्भ। 2002-संयुक्त राज्य अमरीका ने मिसाइल रक्षा प्रणाली का परीक्षण रोका, इटली ने पाकिस्तान में वाणिज्य दूतावास बन्द करने की धमकी दी। 2003-ब्राजील में एक अंतरिक्ष यान में प्रक्षेपण से पूर्व ही विस्फोट हो जाने से कम से कम 21 लोग मारे गये। 2003-कन्नड़ साहित्यकार ए एन मूर्ति राव का निधन। 2004-अमेरिका के जस्टिन गैटलिन 100 मीटर फरार्टा दौड़ जीतकर पृथ्वी के सबसे तेज धावक बने। चिली के निकोलस मासु ने अमेरिका के मार्डी फि श को हराकर ओलम्पिक पुरुष एकल टेनिस का स्वर्ण पदक जीत लिया। 2007-यूनेस्को के विश्व स्मृति रजिस्टर-2007 में ऋग्वेद की 30 पांडुलिपियाँ शामिल की गईं। 2008-झारखण्ड के मुख्यमंत्री मधु कोडा ने अपने पद से इस्तीफा दिया। 2012-राजस्थान में भारी बारिश से 30 लोगों की मौत हुई। 2013-हिन्दी के प्रसिद्ध साहित्यकार रघुवंश का निधन। 2013-लेबनान के त्रिपोली में मस्जिद पर हुये हमले में 50 लोग मारे गए। 2018-पत्रकार कुलदीप नैयर का निधन।

## सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 22 अगस्त, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 73500 | चांदी- | 86000 |
| सिक्का- | 96000 | गिन्नी- | 54480 |

## आपका आज का राशिफल

शुक्रवार, 23 अगस्त, 2024

**मेष-** आज रात्रि 7/52 बजे तक अशुभ, विचारों में उग्रता, लापरवाही से हानि, स्वजनों से अनबन, शेष समय में कार्य व्यवसाय में लाभ, प्रतियोगिता में सफलता।

**वृषभ-** आज रात्रि 7/52 बजे तक ग्रहस्थिति बेहतर, योजना पर कार्यारम्भ, आपसी मतभेद कम, शेष समय में महत्वपूर्ण उपलब्धि में विलम्ब, उलझन से तनाव, धन हानि।

**मिथुन-** वांछित प्रगति का प्रयास सफल, धन सम्पत्ति विषयक मसला हल, आत्मीयजनों से सहयोग, कर्ज की अदायगी समय पर, विरोधी परास्त, वाहन से सुख।

**कर्क-** परिस्थितियों में सुधार, धर्म अध्यात्म के प्रति आस्था जागृत, पारिवारिक सौहार्द, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम, जनकल्याण की ओर रुझान, राजनीतिक लाभ।

**सिंह-** आज रात्रि 7/52 बजे तक प्रतिकूलता, सोचे हुए कार्य अपूर्ण, शत्रु प्रभावी, भाग्य में न्यूनता, यात्रा कष्टकर, शेष समय में आशाएं फलीभूत, व्यावसायिक लाभ।

**कन्या-** आज रात्रि 7/52 बजे तक ग्रहस्थिति अनुकूल, कठिनाइयों का निराकरण, नवीन उपलब्धि, शेष समय में स्वास्थ्य विपरीत, कार्य क्षमता में कमी की अनुभूति।

**तुला-** अधूरी योजना कार्यान्वित, यश मान प्रतिष्ठापरक कृत्य सम्पन्न, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, धनागम।

**वृश्चिक-** चिरवांछित कार्यों में सफलता, विशिष्ट जनों से सम्पर्क का लाभ, परिजनों से अपेक्षित सहयोग, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, मनोरंजन की ओर प्रवृत्ति।

**धनु-** आज रात्रि 7/52 बजे तक दिनमान विपरीत, कार्य व्यापार में निराशा, व्यय की अधिकता अनावश्यक भ्रमण, शेष समय में जटिल समस्याओं का समाधान।

**मकर-** आज रात्रि 7/52 बजे तक अकल्पित विचारित कार्यों में प्रगति, नवसम्पर्क उपयोगी, मन प्रसन्न, शेष समय में असफलता, नवयोजना अधूरी, हानि संभव।

**कुम्भ-** किसी योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, स्वविवेक से लिया गया निर्णय व किया गया कार्य लाभदायक, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, संभावित यात्रा।

**मीन-** कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में सफलता का मार्ग प्रशस्त, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, सुसंदेश से परिवार में हर्ष एवं उल्लासमय वातावरण।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail : muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com











फोटो बुलेटिन

लाभार्थियों को आर्थिक सहायता, टैबलेट और नियुक्ति पत्र वितरित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में हैं मंत्री कपिल देव और मंत्री अनिल कुमार।

### सीएम योगी ने सुनी युवाओं के मन की बात...

मीरापुर में बीआईटी परिसर में आयोजित जनसभा के दौरान सीएम योगी युवाओं का दिल जीतने में कामयाब नजर आये। वो युवाओं के बीच गए और कई युवाओं से घुलमिलकर उनके मन की बात सुनी।



सीएम योगी के आने से पूर्व जनसभा स्थल पर आपसी चर्चा करते मंत्री कपिल देव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान व अन्य नेता।

## बैंक कर्मचारी से लूट करने वालो का नहीं लगा सुराग

सिखेड़ा, 22 अगस्त (बु.)। पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग के सिखेड़ा बाइपास पर बंधन बैंक के कर्मचारी से लूट करने वाले बदमाशों का पुलिस अभी तक पता नहीं लगा सकी है। जबकि बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए टीमे लगाई हुई हैं। बुधवार की दोपहर को गांव भलेड़ी के पास स्थित बंधन बैंक की शाखा के कलेक्शन एजेंट थाना आदर्श मंडी जनपद शामली क्षेत्र के गांव सिलावर निवासी संदीप पुत्र महेंद्र से बाइक सवार नकाबपोश तीन बदमाशों ने तमंचों के बल पर 40 हजार रुपयों की नगदी से भरा बैग लूट लिया था। बदमाश बैग लूटकर बाइक द्वारा मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस को अभी तक बदमाशों का कहीं पता नहीं चल सका है। थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस की टीम गठित की गई है। पुलिस टीम सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। बदमाशों को पकड़ कर लूट की घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

## दो बाइकों में भिड़ंत, महिला व बच्ची सहित तीन हुए घायल

जानसठ, 22 अगस्त (बु.)। जानसठ से मीरापुर दलपत मार्ग पर दो बाइकों की टक्कर हो गई, जिसमें बाइक चालक सहित एक महिला व एक बच्ची घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी जानसठ में भर्ती कराया। बुधवार को क्षेत्र के गांव मीरापुर दलपत निवासी बंटी पुत्र राकेश ने थाने में तहरीर दी। उसने तहरीर देकर बताया कि मंगलवार की शाम लगभग छह बजे उसके पिता राकेश कुमार माता रामबतेरी व बेटी आराध्या के साथ जानसठ से बाइक द्वारा वापस घर लौट रहे थे।

जैसे ही यह लोग मीरापुर दलपत के पास पहुंचे, तो जानसठ की ओर से ही आ रहे गांव निवासी शशिकांत पुत्र तेजपाल ने पीछे से उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिसकी वजह से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिसमें राकेश के पैर के ऊपर से शशिकांत की बाइक का पहिया उतर गया। बाइकों की टक्कर होने से राकेश उसकी पत्नी रामबतेरी व आराध्या गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को सीएससी जानसठ पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, जहां पर उनका उपचार चल रहा है।

## तमंचा और कारतूस के साथ युवक को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

बुढ़ाना, 22 अगस्त (बु.)। बुढ़ाना कोतवाली की बायवाला पुलिस चौकी के इंचार्ज महेन्द्र सिंह ने आज गुरूवार के दिन बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में अपने अधीनस्थ हैड कांस्टेबल सुनील कुमार और कांस्टेबल अजय कुमार के सहयोग से गश्त के दौरान किसी मुखबिर की सूचना पर मेरठ वाया शामली हाईवे पर एसडी होटल की हल्का चौकी बायवाला के समीप एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी ली गयी, तो पुलिस टीम ने उसके पास से एक देशी तमंचा और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए। पकड़े गये 30 वर्षीय आरोपी ने अपना नाम ब्रह्मसिंह पुत्र नैनसिंह निवासी ग्राम कुरथल बुढ़ाना बताया। बुढ़ाना पुलिस के अनुसार पकड़े गये उक्त आरोपी पर पहले से ही दो मामले दर्ज हैं। बुढ़ाना पुलिस ने आरोपी ब्रह्मसिंह को लिखा पढ़ी करने के बाद जेल भेज दिया है।

## डेढ़ महीने बाद चोरी की बाइक मिली तो पीड़ित ने पुलिस को बोला "थैंक्यू"

बुढ़ाना, 22 अगस्त (बु.)। लगभग डेढ़ महीने पूर्व दुकान के बाहर से चोरी हुई एक बाइक जब उसके मालिक को बुढ़ाना पुलिस ने सौंपी, तो उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा और उसकी आंखे छलक पड़ी और उसने बुढ़ाना पुलिस को थैंक्यू बोला। कस्बा निवासी अंकुर ने नदी मंदिर रोड पर अंश मोबाइल गैलरी के नाम से दुकान कर रखी है। रोजाना की भांति उसने बीती 5 जुलाई को अपनी बाइक दुकान के बाहर खड़ी की थी और दुकानदारी मे लग गया था। जब वह घर जाने के लिए दुकान से बाहर आया, तो उसकी बाइक गायब थी। उसने अपनी बाइक को पहले तो इधर-उधर तलाश किया और उसके बाद घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को दी, तो पुलिस ने तुरंत घटनास्थल पर आकर आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक किए, तो दिखा कि एक किशोर उक्त बाइक पर बैठा है और एक सौ नंबर की गाड़ी भी वहां से गुजर रही है। वह बाइक को पैदल ही दूर तक ले जाता हुआ भी दिखाई पड़ रहा है। पुलिस ने फुटेज के आधार पर चोर की तलाश कर बाइक चोरी का मामला दर्ज किया था। पुलिस की भागदौड़ का नतीजा ये रहा कि पुलिस ने बाइक को बीते 3 अगस्त को बरामद किया, जिसमें कस्बा इंचार्ज ललित कसाना, दारोगा विकास कुमार, सिपाही हरीश कुमार व पवन चौधरी का सहयोग रहा।

## एम.जी. पब्लिक स्कूल में विज्ञान के साथ शिक्षा अनुभव पर दो दिवसीय संगोष्ठी संपन्न

मुजफ्फरनगर, 22 अगस्त (बु.)। एम.जी. पब्लिक स्कूल प्रांगण में दो दिवसीय विज्ञान के साथ शिक्षा अनुभव विषय पर एकीकृत कला संगोष्ठी का आयोजन किया गया। गुरूवार को इस संगोष्ठी का विधिवत समापन किया गया। इन दो दिनों में कक्षा-9 और कक्षा-10 के छात्र छात्राओं के द्वारा अपने विषय आधारित विज्ञान प्रोजेक्ट और मॉडल का प्रदर्शन कर उनके प्रभावों और उपयोगों का प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुतिकरण किया गया।

एम.जी. पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि बच्चों को अनुभव और प्रयोगात्मक ढंग से शिक्षित करने तथा विज्ञान के प्रति उनमें रूचि पैदा करने के उद्देश्य से विद्यालय प्रांगण में आर्ट इंटीग्रेटिड एक्सपीरियंस लर्निंग विद साइंस विषय पर दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। पहले दिन कक्षा-10 और दूसरे दिन कक्षा-9 के छात्र-छात्राओं ने इस विज्ञान आधारित संगोष्ठी में प्रतिभाग करते हुए अपने अपने शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में विषय आधारित साइंस प्रोजेक्ट और मॉडल का बखूबी प्रदर्शन किया। इन बच्चों ने फिजिक्स, केमिस्ट्री एवं बायोलॉजी विषयों पर आधारित प्रोजेक्ट बनाये, जिनमें प्रवर्तन और अप्रवर्तन, टिंडल प्रभाव, फाइटो हार्मोन्स, न्यूटन के गति के नियम, तंत्रिका तंत्र, एनीमल हार्मोन्स, केमिकल रिएक्शन, रिफलेक्शन ऑफ लाइट जैसी प्रमुख अवधारणाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करते हुए उनके उपयोग और मानव जीवन पर प्रभाव के विषय में भी जानकारी प्रदान की। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने इस अवसर पर बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी के प्रोजेक्ट और मॉडल का अवलोकन करते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस संगोष्ठी का मूल उद्देश्य बच्चों के भीतर एक वैज्ञानिक सोच और प्रतिभा को सामने लाकर उनका शैक्षिक विकास करना रहा। जिस प्रकार से बच्चों ने अपने मॉडल और प्रोजेक्ट का प्रस्तुतिकरण किया, यह व्यावहारिक दृष्टिकोण उनके भीतर न केवल जिज्ञासा को प्रज्वलित करता है, बल्कि वैज्ञानिक सिद्धांतों की उनकी समझ को भी मजबूत करता है, जिससे वे भविष्य में आगे आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार होते हैं। इसके सहारे बच्चों ने सराहनीय स्तर से अपने वैज्ञानिक शोध का प्रस्तुत कर सभी की प्रशंसा प्राप्त की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी साइंस टीचरों को विशेष सहयोग रहा।



## पाकिस्तान में स्कूल वैन पर गोलीबारी, दो बच्चों की मौत

इस्लामाबाद, 22 अगस्त (वार्ता)। पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के अटक जिले में गुरुवार को एक स्कूल वैन पर अज्ञात लोगों की ओर से की गयी गोलीबारी में दो बच्चों की मौत हो गयी और पांच बच्चों समेत छह लोग घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ढेरी कोट इलाके में हुए इस जघन्य हमले में दो बच्चों की मौत हो गयी और पांच बच्चे घायल हो गये। मारे गये और घायल हुए सभी बच्चों की उम्र 10 से 12 साल के बीच थी। घटना में स्कूल वैन का ड्राइवर भी घायल हुआ है। स्थानीय अखबार 'डॉन' के अनुसार, घायलों और शवों को अस्पताल ले जाया गया है।

## एसडी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई देहरादून द्वारा कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला में दिया गया प्रशिक्षण





मुजफ्फरनगर, 22 अगस्त (बु.)। पटेल नगर स्थित एसडी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई सीओई देहरादून रीजन के द्वारा आयोजित कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन प्रो. डॉ. मोसम एस. सिन्हा व विकास चन्द्र काण्डवाल द्वारा जनपद के सीबीएसई स्कूलों के अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला का आरंभ प्रो. डॉ. मोसम एस. सिन्हा व विकास चन्द्र काण्डवाल, विद्यालय की डायरेक्टर चंचल सक्सैना, प्रधानानाचार्या अनीता दत्ता मिडिल विंग इंचार्ज गीता मित्तल, इंचार्ज शशीकांत शर्मा ने सरस्वती माँ के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर माल्यार्पण करके किया।

कार्यक्रम को गति देते हुए प्रो. सिन्हा ने आज के बदलते परिवेश में एक अध्यापक की बदलती हुई परिभाषा, उसके बदले हुए दायित्वों के बारे में बताते हुए कहा कि अध्यापक पढ़ाने के साथ-साथ सिखाता भी है, क्योंकि वह ज्ञान व बुद्धिदाता है। यह समय बुद्धि कौशल का है। मानसिक स्वास्थ्य की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए उन्होंने बताया कि छात्रों का बुद्धि स्तर भी तभी उच्च स्तरीय रह सकता है, जब वह मानसिक रूप से स्वस्थ होंगे। विकास चन्द्र काण्डवाल ने नई शिक्षा नीति (एनईपी) तथा मूल्यांकन विधि के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। विभिन्न एक्टीविटीज के माध्यम से बताया गया कि अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आज के तकनीकी युग में बहुत से माध्यम हैं, जिनके द्वारा शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। परंतु शिक्षित अभिभावकों के महत्व को नकारा नहीं जा सकता। डायरेक्टर चंचल सक्सेना व प्रधानाचार्या अनीता दत्ता ने रिसोर्स पर्सन व प्रतिभागी शिक्षकों का विद्यालय पधारने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया। संचालन में प्रियंका सचदेवा व सुप्रीत कौर का योगदान सराहनीय रहा।

## छात्रा मीनाक्षी, आलिया और मुस्कान परीक्षा में रही अव्वल



मुजफ्फरनगर, 22 अगस्त (बु.)। श्री राम गर्ल्स कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग के एम.एससी. होम साइंस होम मैनेजमेंट की प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं ने श्री राम गर्ल्स कॉलेज के परीक्षाफल में सर्वोत्तम अंक प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। एम.एससी. (होम साइंस) होम मैनेजमेंट के प्रथम सेमेस्टर में मीनाक्षी ने 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं। वही तृतीय सेमेस्टर में आलिया काजमी ने 85 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुस्कान वर्मा ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय कॉलेज के शिक्षकों और परिजनों को दिया। श्री राम कॉलेज के निदेशक डॉं अशोक कुमार एवं श्री राम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल ने सभी छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना कीं। श्री राम गर्ल्स कॉलेज की डीन डॉ. श्वेता राठी, ने छात्राओं की सफलता की प्रशंसा करते हुए कहा कि कॉलेज का अनुशासनात्मक तथा कलात्मक वातावरण छात्राओं के सर्वागीण विकास के लिए आवश्यक होता है। इस अवसर पर श्रीराम गर्ल्स कॉलेज की डीन डॉ. श्वेता राठी, प्रवक्ता, रूबी पोसवाल, ईशा अरोरा, सोफिया अन्सारी, अलीना सिद्दीकी, काजल मावी, आयशा गौर ने सभी छात्राओं को उनकी सफलता के लिए बधाई दी।

## खस्ताहाल हो चुकी सड़क का निर्माण कराने को लेकर लोगों ने किया हंगामा



चरथावल, 22 अगस्त (बु.)। चरथावल देहात के अंसारी कॉलोनी के लोगों ने बिजलीघर के बराबर वाले कॉलोनी के मैन रास्ते को बनवाने की माँग की है। उन्होंने कहा है कि रास्ते की हालत खस्ताहाल है, जिस कारण उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि कई बार इसकी शिकायत भी कर चुके है, लेकिन समस्या का समाधान नही हो सका है। बारिश के मौसम में रास्ते से निकलना भी दूभर हो जाता है। साथ ही उन्होंने रास्ते के बीच में रखे बिजली के ट्रांसफॉर्मर को भी हटवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ट्रांसफॉर्मर रास्ते के बीच मे रखा हुआ है, जिससे हादसा होने का खतरा बना हुआ है।

## आदर्श इण्टर कॉलेज, जटमुझेड़ा, मुजफ्फरनगर

### की प्रबंध समिति चुनाव की अधिसूचना

आदर्श इण्टर कॉलेज, जटमुझेड़ा (मुजफ्फरनगर) की साधारण सभा के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि प्रबंध समिति (वर्ष 2024-25) की निर्वाचन निम्नलिखित कार्यक्रमानुसार गुप्त मतदान द्वारा विद्यालय प्रांगण में सम्पन्न होगा :-

**चुनाव कार्यक्रम**

| क्र.सं. | कार्यक्रम | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | मतदाता सूची का प्रकाशन | 15.09.2024 | प्रातः 10:00 बजे |
| 02 | मतदाता सूची पर आपत्ति | 15.09.2024 | प्रातः 10:00 से 11:00 |
| 03 | मतदाता सूची आपत्ति निराकरण | 15.09.2024 | प्रातः 11:00 से 12:00 |
| 04 | नामांकन पत्र भरना | 15.09.2024 | 12:00 से 1:00 |
| 05 | नामांकन पत्रों की जांच | 15.09.2024 | 1:00 से 2:00 |
| 06 | नामांकन पत्रों की वापसी | 15.09.2024 | 2:00 से 2:30 |
| 07 | चुनाव चिह्न आवंटन | 15.09.2024 | 2:30 से सायं |
| 08 | यदि चुनाव आवश्यक हुआ तो | 22.09.2024 | 9:00 से 2:00 |
| 09 | मतगणना | 22.09.2024 | 2:00 से 4:00 |
| 10 | परिणाम की घोषणा | 22.09.2024 | मतगणना के बाद |

नोट : चुनाव की समस्त कार्यवाही चुनाव अधिकारी श्री डॉ. विनोद कुमार (सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य) जनता इण्टर कॉलेज, मुस्तफाबाद पचेंडा, मुजफ्फरनगर द्वारा सम्पन्न होगी।

श्रीमती सरला देवी (प्रबंधक)

श्री डॉ. विनोद कुमार (चुनाव अधिकारी)

## पोलैंड के साथ भारत के ऐतिहासिक मैत्री संबंध और मजबूत होंगे: मोदी

वार्सा (पोलैंड), 21 अगस्त (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को विश्वास व्यक्त किया कि उनकी पोलैंड यात्रा से भारत और पोलैंड के द्विपक्षीय संबंधों में और मजबूती आएगी। श्री मोदी पोलैंड में रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों द्वारा अपने सम्मान में आयोजित एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री मोदी दो दिन की यात्रा पर आज वार्सा पहुंचे। उनकी कल राष्ट्रपति आंद्रजेज डूडा और प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ बातचीत होगी। श्री मोदी ने भारतीय समुदाय को भारत की विकास यात्रा का भागीदार बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि नई प्रौद्योगिकी और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में भारत और पोलैंड के बीच सहयोग बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस यात्रा में कल पोलैंड के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ गुरुवार को होने वाले उनकी मुलाकात से दोनों देशों के बीच पुराने मैत्रीपूर्ण संबंध और मजबूत होंगे। श्री मोदी ऐसे समय पोलैंड आएं है जबकि दोनों देश अपने राजनयिक संबंध की 70वीं वर्षगांठ मना रहे हैं।

## कश्मीर चुनाव: फारूख ने कांग्रेस के साथ गठबंधन का किया ऐलान

श्रीनगर, 22 अगस्त (वार्ता)। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष एवं जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि विधानसभा चुनावों के लिए उनकी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन को अंतिम रूप दे दिया गया है। श्री अब्दुल्ला ने यहां कहा कि गठबंधन पर पूरी सहमति बन गयी है और ईश्वर की कृपा से यह अच्छी तरह से चलेगा। उन्होंने कहा कि गठबंधन को लेकर दोनों दलों ने फैसला कर लिया है जो आज शाम तक मंजूर हो जाएगा। गठबंधन सभी 90 सीटों के लिए किया गया है। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर में 18 सितम्बर से एक अक्टूबर तक तीन चरणों में विधानसभा चुनाव होने वाला है।

### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरा पुत्र तुषार शर्मा मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने में नहीं है और वह गलत संगत में बैठने लगा है। उसका आचरण हमारे साथ गलत है। इसलिए अपने पुत्र के कारनामों से परेशान होकर मैंने व मेरे परिवार ने अपने पुत्र तुषार शर्मा को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और मैंने व मेरे परिवार ने उससे अपने सभी सम्बंध समाप्त कर लिये हैं। यदि मेरा पुत्र तुषार शर्मा कोई गलत कार्य या किसी प्रकार का कोई लेन-देन करता है, तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा, मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

अनिल शर्मा पुत्र स्व0 श्री नत्थूराम शर्मा
165, कायस्थवाड़ा, लोहिया बाजार, मुजफ्फरनगर

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम शाजुल इस्लाम (SHAJU-UL ISLAM) से बदलकर शुजाउल इस्लाम (SHUJAUL ISLAM) रख लिया है। अब भविष्य में मुझे शुजाउल इस्लाम (SHUJAUL ISLAM) के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

शुजाउल इस्लाम पुत्र श्री हसीबुल इस्लाम
मल्हूपुरा, थाना-सिविल लाईन
जिला- मुजफ्फरनगर

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम गुलबहार (GULBAHAR) से बदलकर चौधरी गुलबहार (CHAUDHRI GULBAHAR) रख लिया है। अब भविष्य में मुझे चौधरी गुलबहार (CHAUDHRI GULBAHAR) के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

चौधरी गुलबहार पुत्र मौ0 इसराईल
145, घासीपुरा, हुसैनपुर बोपाड़ा, मुजफ्फरनगर

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र जियाउररहमान, जोकि डी एस पब्लिक स्कूल में कक्षा 9 का छात्र है, उसकी माता का नाम पूर्व विद्यालय द्वारा निर्गत टी सी में हिना लिखा है, जो कि गलत है। जबकि माता का सही नाम हिना परवीन है जो कि रिकॉर्ड में लिखा जाना आवश्यक है।

हिना परवीन पत्नी मोहम्मद उस्मान
912/4, साउथ खालापार, मुजफ्फरनगर

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र जियाउररहमान, जोकि डी एस पब्लिक स्कूल में कक्षा 9 का छात्र है, उसका नाम पूर्व विद्यालय द्वारा निर्गत टी सी में जिया-उर-रहमान लिखा है, जो कि गलत है। मेरे पुत्र का सही नाम जियाउररहमान है एवं भविष्य में यही नाम रिकॉर्ड में अंकित किया जाना आवश्यक है।

मोहम्मद उस्मान पुत्र मंजर हसन
912/4, साउथ खालापार, मुजफ्फरनगर

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र लक्ष्य पाल, जो कि डी.एस. पब्लिक स्कूल में कक्षा 9 का छात्र है, के पूर्व विद्यालय द्वारा निर्गत टी.सी. में मेरा नाम कमलेश देवी लिखा हुआ है, जो कि गलत है। मेरा सही नाम कमलेश है। संशोधन हेतु शपथ पत्र सम्बधित विभाग में प्रस्तुत किया जायेगा।

कमलेश पत्नी मंगत सिंह
मकान नम्बर 269, ग्राम- संधावली
जिला- मुजफ्फरनगर

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम मोहित शर्मा से बदलकर मोहित कुमार कर लिया है। अतः आज से मुझे मोहित कुमार के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

मोहित कुमार
पुत्र श्री अशोक कुमार शर्मा
निवासी-383/1, इन्द्रा कॉलोनी
जिला- मुजफ्फरनगर

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम सतीश कुमार गुप्ता (Satish Kumar Gupta) से बदलकर सतीश कुमार (Satish Kumar) रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मेरे नये नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

सतीश कुमार पुत्र राधेलाल
मकान नं. 580/114
भरतिया कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

### खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एक बैग जो नीले रंग का है, वह दिनांक 15-08-2024 को जानसठ रोड मुजफ्फरनगर में कहीं गिर गया है, जो काफी तलाश करने पर भी नहीं मिला है, जिसमें कुछ कागजात के साथ-साथ मेरी सम्पत्ति कूकड़ा बाहर हद्द, जो कि पूर्व स्वामी श्रीमती अरूणा गर्ग पत्नी श्री अजय कुमार गर्ग के नाम है, जिसका पंजीकरण नं. 468 दिनांक 20-01-2003 है, भी था। यदि किसी सज्जन को मिले तो निम्न पते पर भेजने का कष्ट करें। भेजने वाले को उचित इनाम दिया जायेगा, जिसका कोई भी प्रयोग अवैध माना जायेगा।

श्रीमती सुनीता पत्नी श्री सोनू
निवासी-ग्राम अलमासपुर
जिला-मुजफ्फरनगर
मो. 9634510322



1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## प्रधानमन्त्री मोदी की यूक्रेन यात्रा

प्रधानमन्त्री मोदी की यूक्रेन यात्रा पर दुनियाभर की नजर है। देश में भले ही विपक्ष के नेता प्रधानमन्त्री के विरुद्ध नकारात्मक विमर्श गढ़ रहे हों, अंट शंट बयानबाजी कर रहे हों, लेकिन दुनिया, प्रधानमन्त्री मोदी को सम्मान की दृष्टि से देख रही है। प्रधानमन्त्री की पोलैंड यात्रा पर वहां के अखबारों ने अच्छा लिखा। पोलैंड में रह रहे भारतीय भी वहां, अपनी मातृभूमि के प्रिय नेता को अपने बीच पाकर खुश हैं। मोदी का पोलैंड और यूक्रेन दौरा बेहद खास माना जा रहा है। पिछले 45 सालों में यह पहला मौका है, जब कोई भारतीय प्रधानमन्त्री पोलैंड गया है। इससे पता चलता है कि यूरोप के साथ भारत के रिश्ते मजबूत हो रहे हैं। भारत इस क्षेत्र में अपने संबंधों को बेहतर बनाना चाहता है और अपना प्रभाव बढ़ाना चाहता है। पीएम मोदी ने पोलैंड की धरती से पूरी दुनिया को संदेश देते हुए कहा कि युद्ध विकास की राह में सबसे बड़ी अड़चन है, इसलिए भारत बातचीत और विमर्श की राह पर चलता है। पीएम ने कहा, यूक्रेन और पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष हम सभी के लिए गहरी चिंता का विषय है। भारत का ये दृढ़ विश्वास है कि किसी भी समस्या का समाधान रणभूमि में नहीं हो सकता। किसी भी संकट में मासूम लोगों की जान की हानि संपूर्ण मानवता के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। हम शांति और स्थिरता की जल्द से जल्द बहाली के लिए डायलॉग और डिप्लोमेसी का समर्थन करते हैं। प्रधानमन्त्री मोदी ने इस दौरान कहा कि भारत और पोलैंड अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी करीबी तालमेल के साथ आगे बढ़ते रहे हैं। दोनों देश सहमत हैं कि वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ तथा अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में रिफॉर्म वर्तमान समय की मांग है। पीएम ने कहा कि भारत, पोलैंड की कंपनियों को मेक इन इंडिया एंड मेक फॉर द वर्ल्ड से जुड़ने के लिए आमंत्रित कर रहा है। पीएम ने भाषण की शुरूआत में कहा कि पोलैंड और भारत इस साल अपने राजनयिक संबंधों की 70 वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। इस अवसर पर दोनों देशों के संबंधों को स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप में परिवर्तित करने का निर्णय लिया है। भारत और पोलैंड के संबंध डेमोक्रेसी और रूल ऑफ लॉ जैसे साझा मूल्यों पर आधारित हैं। पीएम ने कहा कि जनवरी 2025 में पोलैंड यूरोपियन यूनियन की अध्यक्षता संभालेगा। मुझे विश्वास है कि आपके सहयोग से भारत और यूरोप के संबंधों को बल मिलेगा। प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी ने कहा आज 45 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमन्त्री ने पोलैंड का दौरा किया है। मेरे तीसरे कार्यकाल की शुरूआत ही में मुझे ये सौभाग्य मिला है। इस अवसर पर मैं पोलैंड की सरकार और यहां के लोगों का विशेष आभार व्यक्त करता हूं। 2022 में यूक्रेन संकट के दौरान फंसे हुए भारतीय छात्रों को निकालने के लिए आपने जो उदारता दिखाई, उसे हम भारतवासी कभी नहीं भूल सकते हैं। इसके अलावा 1993 में भारत और यूक्रेन के बीच कूटनीतिक संबंध स्थापित होने के बाद यह पहली बार है, जब कोई भारतीय प्रधानमन्त्री यूक्रेन की यात्रा पर है। यह इस बात का एक और संकेत है कि मौजूदा संघर्ष के बीच भारत, रूस और यूक्रेन के साथ अपने संबंधों को संतुलित करने की रणनीति पर सावधानी से काम कर रहा है। पीएम मोदी का दौरा यह बताता है कि भारत संघर्ष के दौर में कूटनीतिक समाधान चाहता है। इसके अलावा ये दौरा भारत को संभावित मध्यस्थ के रूप में भी पेश करता है। मोदी दुनिया के इकलौते ऐसे नेता हैं, जिन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सामने एक अस्पताल पर रूस के हमले की निंदा की थी। उन्होंने कहा था कि लोगों की मौत से दुख होता है, खासकर तब जब बच्चे मारे जाते हैं। इसके बाद अब उनकी यह यूक्रेन की है। मोदी ने अपने कई भाषणों में कहा है कि यह युद्ध का युग नहीं है। जी-20 के दौरान भी पीएम ने इसी बात को दोहराया। यह भारत के 'वसुधैव कुटुंबकम' के मंत्र को साबित करता है। वहीं दूसरी ओर ईरान और सऊदी अरब के बीच शांति समझौते में मध्यस्थता करने वाला चीन खुद को एक वैश्विक शांति दूत के रूप में पेश करता है। यही वजह है कि चीन मोदी की यात्रा और संघर्ष में मध्यस्थ के रूप में उनकी संभावित भूमिका को बारीकी से देख रहा है। पीएम मोदी की यूक्रेन यात्रा पर चीन की मिली-जुली प्रतिक्रिया है। कई एक्सपर्ट इस बात से सहमत हैं कि इस क्षेत्र में स्थायी शांति रूस और यूक्रेन के बीच सीधी बातचीत पर निर्भर करेगी। उनका मानना है कि मोदी की यात्रा इस प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के भारत के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी का यूक्रेन दौरा पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। खासतौर पर चीन इसे लेकर खास दिलचस्पी ले रहा है। चीन में इस बात पर बहस हो रही है कि भारत, अमेरिका और रूस के बीच अपनी स्थिति को कैसे संभाल रहा है। कुछ लोगों का मानना है कि पश्चिमी देश भारत को लेकर थोड़ी नरमी बरत रहे हैं, वहीं कुछ मोदी के संतुलन बनाने की क्षमता की तारीफ कर रहे हैं। मोदी के यूक्रेन दौरे और उससे पहले रूस यात्रा के बाद यह बहस और भी तेज हो गई है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के यूक्रेन दौरे ने वैश्विक दायरे में कूटनीतिक संतुलन की चर्चा को जन्म दिया। यह यात्रा भारत, रूस और पश्चिमी देशों के बीच संबंधों को संतुलित करने के लिए की गई है। मोदी का दौरा वैश्विक मंच पर भारत की छवि को मजबूत करने और शांति वार्ता में मध्यस्थता करने पर ध्यान केंद्रित करता है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ट्रेन के जरिए पोलैंड से यूक्रेन पहुंच रहे हैं। पहली बार किसी पीएम के यूक्रेन जाने से और वॉर जोन होने की वजह से पीएम मोदी की इस विजिट की काफी चर्चा हो रही है। जब भी भारत के प्रधानमन्त्री देश के बाहर जाते हैं, तो उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी विशेष सुरक्षा दल यानी एसपीजी की होती है। एसपीजी ही देश के प्रधानमंत्री को सिक्योर करती है और एसपीजी के पास विदेश में भी पीएम को सिक्योरिटी देने का जिम्मा होता है। अगर यूक्रेन की बात करें, तो वहां यूक्रेन की सिक्योरिटी फोर्स पीएम मोदी की सिक्योरिटी में तैनात रहेगी। जिस ट्रेन से पीएम मोदी यूक्रेन पहुंच रहे हैं वह भी खास है, उसमें भी एक सर्विलांस सिस्टम है और एक सिक्योर कम्यूनिकेशन नेटवर्क और सुरक्षाकर्मियों की एक खास टीम भी है। इन सिक्योरिटी सिस्टम के जरिए ट्रेन के बाहर की स्थिति का खास ध्यान रखा जाता है। साथ ही इस ट्रेन में बुलेटप्रूफ कांच लगे हैं और इसके लिए ही खास सिक्योरिटी टीम है, जो वीआईपी लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखती है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

"नियम" "गुस्ताख" "चाल" "आजाद"

चलने के जो नियम थे न उनका रखा ख़्याल,
सड़कों पे हम चले भी तो गुस्ताख हो गए।
लोगों की चाल देख कर होने लगा यकीं,
आजाद हम हुए भी तो गुस्ताख हो गए।

# पुलिस भर्ती परीक्षा- तैयारी पूर्ण आज से शुरू होगी जनपद मुजफ्फरनगर में परीक्षा

**- परीक्षा में तैनात रहेंगे 16 सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट - नगर में बनाए गए 16 परीक्षा केंद्र, पुलिस-प्रशासन अलर्ट - रेलवे स्टेशन व रोडवेज अड्डे पर मददगार बनेंगे बूथ**

**मुजफ्फरनगर, 22 अगस्त (बु.)।** पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जनपद में 16 परीक्षा केन्द्र बनाने के साथ प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर पुलिस को सुरक्षा के मद्देनजर तैनात किया है। योगी सरकार की पहल पर नकलविहीन परीक्षा एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए भी पुख्ता इंतजाम किए हैं। शहर के रेलवे स्टेशन व रोडवेज बस स्टैंड पर अभ्यर्थियों की सहायता के पुलिस ने हेल्प डेस्क बनाई है, ताकि बाहर से आए अभ्यर्थी समय रहते अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंच सके। वहीं पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए व शहर में जाम की स्थिति से निपटने के लिए ट्रैफिक पुलिस को प्रत्येक चौराहे पर तैनात किए जाने की तैयारी की गई है। शुक्रवार को पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा जनपद में 16 केन्द्रों पर दो पालियों में कराई जाएगी। दोनों पालियों में परीक्षा के लिए 14 हजार




**रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा कर सकेंगे पुलिस भर्ती के अभ्यर्थी**

**मुजफ्फरनगर, 22 अगस्त (बु.)।** रोडवेज शुक्रवार से पुलिस भर्ती अभ्यर्थियों के लिए अतिरिक्त बसें चलाएगा। अभ्यर्थियों को निशुल्क सफर के लिए अपना प्रवेश पत्र दिखाना होगा और वे फ्री सफर कर पाएंगे।

अभ्यर्थी पंजीकृत है। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने शिक्षा विभाग के साथ मिलकर पूरी तैयारी कर ली है। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर भारी पुलिस को तैनात किया जाएगा। उक्त परीक्षा के लिए आने वाले अभ्यार्थियों की तलाशी के लिए महिला व पुरुष बल को गेट पर तैनात किया गया है। परीक्षा केन्द्रों पर बाहर व भीतर सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। सीसीटीवी कैमरों की मदद से अधिकारी परीक्षा केन्द्रों पर पूरी तरह निगरानी रखेंगे। भारी पुलिस की सुरक्षा में स्ट्रांग रूम से उत्तर पुस्तिकाओं को लाया व ले जाया जाएगा। जनपद के सभी परीक्षा केन्द्रों पर डीएम-एसएसपी पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था को भी चेक करेंगे। जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न होने वाली आरक्षी भर्ती परीक्षा में परीक्षा के नोडल अधिकारी एसपी यातायात कुलदीप सिंह के नेतृत्व में सोलह परीक्षा केंद्र बनाए जाने के साथ परीक्षा के लिए सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। सभी सोलह केंद्रों पर एक कंट्रोल रूम बनाया गया है। जहां एक सीओ, एक निरीक्षक व एक दरोगा की ड्यूटी रहेगी। इसके अलावा इस बीच कंपोजिट पुलिस कंट्रोल रूम को मुख्य कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां पर सोलह पुलिस अधिकारी बनाए जाने के साथ ही उन्हें भर्ती परीक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। सुरक्षा कारणों को पूरी तरह नियंत्रित करने के लिए कंट्रोल रूम में दो सीओ व चौदह निरीक्षकों को शामिल किए हैं। परीक्षा को निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए मुजफ्फरनगर पुलिस ने आरक्षी भर्ती परीक्षा के दौरान वाहर से आने वाले तमाम अभ्यर्थियों की सहायता के लिए रेलवे स्टेशन व रोडवेज बस अड्डे पर पुलिस बूथ बनाए जा रहे हैं, ताकि परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र ढूंढने व अन्य किसी प्रकार की परेशानी न हो।





# बाला जी धाम में भव्य कलश यात्रा के साथ मिथलेश शास्त्री की कथा प्रारंभ

**मुजफ्फरनगर, 22 अगस्त (बु.)।** भरतिया कॉलोनी स्थित श्री बाला जी धाम में आज सुबह भव्य कलश यात्रा के साथ हिंडौन सिटी राजस्थान के आचार्य मिथलेश शास्त्री की श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ हो गई। प्रथम दिन कथा व्यास ने जीवन में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का विशद वर्णन किया। सुबह के समय निकाली गई में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सिर पर कलश रखकर चल रहे थे। बाद में कलशों को मंदिर के सत्संग भवन में स्थापित कर दिया गया। इस मौके पर प्रमुख उद्यमी भीम कंसल और व्यापारी नेता संजय मित्तल समेत तमाम प्रमुख लोग उपस्थित रहे। बाद में सत्संग भवन में कथा करते हुए हिंडौन सिटी राजस्थान के आचार्य मिथलेश शास्त्री ने श्रीमदभागवत कथ का महत्व बताते हुए कहा कि यह कथा केवल भक्ति ही नहीं जीवन में धर्म के आचरण का भी संदेश देती है। उन्होंने ज्ञान, भक्ति और वैराग्य की चर्चा करते हुए कहा कि आज जीवन में भगवान श्रीकृष्ण की उपदेशों पर आचरण करके सांसारिक व्याधियों से छुटकारा पाया जा सकता है। इसके साथ ही भागवत कथा का श्रवण सांसारिक कष्टों से मुक्ति दिलाकर भगवत धाम के लिए भी मार्ग प्रशस्त करता है। इस कथा के श्रवण से व्यक्ति मोक्ष को प्राप्त होता है। आज प्रारंभ हुई यह कथा दोपहर ढाई बजे से शाम साढ़े छह बजे तक प्रतिदिन होगी। 30 अगस्त को हवन और भंडारे के साथ यह कथा संपन्न होगी।

# राकेश टिकैत के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की मांग

**- भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर ने लगाया राकेश पर देश विरोधी ताकतों का प्रवक्ता बनने और विदेशी पैसा लेने का आरोप**

**मुजफ्फरनगर, 22 अगस्त (बु.)।** गाजियाबाद के भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर ने भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत पर देश विरोधी धमकियां देने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ रासुका लगाने की मांग की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखे पत्र में भाजपा विधायक ने कहा है कि राकेश टिकैत प्रवक्ता भाकियू द्वारा पहले गणतंत्र दिवस पर अलगावादियों और खालिस्तानियों के साथ मिलकर असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान स्वरूप प्राप्त भारतीय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को लालकिले से उतारकर वहां खालिस्तानियों का झंडा फहराया गया। पाकिस्तान के सुर में सुर मिलाते हुए राष्ट्रहित में हटाए गए धारा 370 का विरोध किया। एनएसए के तहत मुकदमा दर्ज होने के बावजूद गिरफ्तारी और कठोर कार्यवाही नहीं होने पर राकेश टिकैत का दुस्साहस बढ़ता गया। जिसका परिणाम है कि राकेश टिकैत के द्वारा एक चैनल से बातचीत में भारतीय संविधान के तहत निर्वाचित सरकार को उखाड़ फेंकने और लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन पर हमले की धमकी देते हुए भारत को बांग्लादेश बनाने की धमकी दी है, जो भारत के खिलाफ देशविरोधी ताकतों द्वारा की जा रही किसी बड़ी साजिश की ओर इशारा है क्योंकि पूर्व में भी संसद भवन पर आतंकी हमला हो चुका है। अलगाववादी, खालिस्तानियों और कट्टरपंथी मुस्लिम राष्ट्रों, आइएसआई, कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद व अन्य की भाषा में राकेश टिकैत द्वारा धमकी देते हुए यह कहा गया है कि बांग्लादेश में जो हुआ, वहीं हाल यहां होगा। ये (प्रधानमंत्री) यहां ढूंढते नहीं मिलेंगे। यह तो उस दिन (26 जनवरी) जब ट्रैक्टर लेकर दिल्ली गए, लोगों ने बहका दिया कि लालकिले की ओर चले जाओ, उस दिन पार्लियामेंट की तरफ मोड़ देते तो... वो 26 जनवरी थी नहीं तो 25 लाख आदमी थे, यह सारा केस उस दिन ही (बांग्लादेश) की तरह निपट जाता, यह निपटेगा, चूक हो गई, हम अब तैयार बैठे हैं, होगा जरूर। विधायक नंद किशोर गुर्जर ने कहा कि राकेश टिकैत दिल्ली और एनसीआर में रहने वाले बांग्लादेशियों-रोहिंगयाओं और देश विरोधी ताकतों के प्रवक्ता के रूप में बोल रहे हैं, जिन्होंने देश को खंडित करने और अपनी देश-विरोधी मंशा पूर्व में ही प्रकट कर दी है, जिसके पीछे विदेशों से प्राप्त हो रही धनराशि है, जिसकी उच्चस्तरीय जांच आवश्यक है। इसके अतिरिक्त कलकत्ता में डॉक्टर बिटिया के साथ हुए जघन्यतम दुराचार के खिलाफ प्रदर्शन करने वालों की आलोचना कर, इनके द्वारा मृतक बिटिया के शरीर को शब्दों से नोंचने का प्रयास किया गया है जिससे लोगों में भारी आक्रोश है। उक्त गंभीर विषय में तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित को रासुका के तहत मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करने की कृपा करें जिससे देश की एकता और अखंडता अक्षुण रहे और देश विरोधी ताकतों के भारत में गृह युद्ध कराने के मंसूबों को समय रहते कुचला जा सके।



# रामपुर तिराहा कांड: कोर्ट में दो मामलों में अगली सुनवाई 31 अगस्त को होगी

**मुजफ्फरनगर, 22 अगस्त (बु.)।** गुरूवार को रामपुर तिराहा कांड के दो मामलों में कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान जहां एक मामले में बचाव पक्ष ने वहीं दूसरे मामले के आरोपी को कोर्ट में बतौर गवाह के रूप में पेश किया। कोर्ट में उसका बयान कराए गए। इस दौरान सीबीआई की ओर से कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर दूसरे मुकदमे से संबंधित दस्तावेजों को कोर्ट में पेश किये जाने का आदेश दिए जाने की गुहार लगाई। कोर्ट ने प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए आदेश के लिए 31 अगस्त की तिथि नियत की है। मुजफ्फरनगर में एक अक्टूबर 1994 की रात पृथक राज्य की मांग के लिए बसों में दिल्ली जा रहे उत्तराखंड आंदोलनकारियों को स्थानीय पुलिस ने शासन के निर्देश पर रामपुर तिराहे पर रोक लिया था। यहां पर रोके जाने पर उनका पुलिस से टकराव हो गया। आंदोलनकारियों का आरोप है कि टकराव होने पर स्थानीय पुलिस की ओर से हुई फायरिंग में सात आंदोलनकारियों की मौत हो गयी थी, जबकि महिलाओं से छेड़छाड़ व दुष्कर्म के तमाम आरोप भी लगे थे। बाद में इस मामले में हाईकोर्ट के आदेश पर जांच कर सीबीआई ने अलग-अलग कई मुकदमे दर्ज किये थे। सीबीआई ने आंदोलनकारियों पर उस वक्त हथियारों की फर्जी बरामदगी दर्शान के मामले में सरकार बनाम ब्रज किशोर तथा एक आंदोलनकारी का शव गंग नहर में बहाए जाने के मामले एवं सरकार बनाम एसपी मिश्रा मामले की सुनवाई सिविल जज सीनियर डिवीजन डॉ. देवेन्द्र फौजदार की कोर्ट में चल रही हैं। गुरूवार को संपन्न हुई सुनवाई पर सीबीआई के विशेष लोक अभियोजक धारा सिंह मीणा ने बताया कि कोर्ट में सरकार बनाम ब्रजकिशोर मामले में आरोपी रहे अनिल कुमार को बचाव पक्ष ने सरकार बनाम एसपी मिश्रा मामले में गवाह के तौर पर पेश कराया। कोर्ट में अनिल कुमार का मुख्य बयान कराया गया। वहीं सरकार बनाम ब्रजकिशोर मामले में कुछ दस्तावेज कोर्ट में पेश करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया। उन्होंने बताया कि कोर्ट ने दोनों मामलों में अब अगली सुनवाई के लिए 31 अगस्त की तिथि नियत की है।




## श्री श्री गोलोक गोपेश्वर तीर्थ में पालकी यात्रा आज

**मुजफ्फरनगर, 22 अगस्त (बु.)।** श्री श्री गोलोक गोपेश्वर तीर्थ के 22 वें पाटोत्सव पर कल (आज) पालकी विहार यात्रा निकाली जाएगी। इसमें श्यामा श्याम प्रभु पालकी में सवार होकर श्री श्री गोलोक धाम से प्रारंभ होकर गांधी कॉलोनी के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस धाम पर संपन्न होगी। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर 25 और 26 अगस्त को फूल बंगला सजाया जाएगा। 28 अगस्त को नंदोत्सव में रात्रि आठ बजे से मंदिर प्रांगण में पूजा सखी भजनामृत वर्षा करेंगी और 31 अगस्त को खतौली के कुंद कुंद जैन पब्लिक स्कूल में केशव चौधरी द्वारा रात्रि आठ बजे से बधाई गान किया जाएगा।

## समस्त नगर पालिका मार्किट एसोसिएशन की कार्यकारिणी गठित

**- राजेन्द्र अरोरा अध्यक्ष, संजीव संगम को महामंत्री का जिम्मा**

**मुजफ्फरनगर, 22 अगस्त (बु.)।** समस्त नगर पालिका मार्किट एसोसिएशन संबद्ध उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की नई कार्यकारिणी का गुरूवार को विधिवत निर्वाचित करते हुए उसे घोषित कर दिया गया। संगठन के जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल मित्तल व प्रदेश मंत्री सरदार बलविन्द्र सिंह से विचार विमर्श करने के बाद गठित कार्यकारिणी में राजेन्द्र अरोरा को अध्यक्ष एवं संजीव संगम को महामंत्री घोषित किया गया। गुरूवार को घोषित समस्त नगर पालिका मार्किट एसो. की कार्यकारिणी मुख्य संरक्षक प्रवीण कुमार जैन, संरक्षक ज्ञानी गुरूवचन सिंह व विजय मदान व वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेन्द्र नाथ को बनाया गया है। इसके अलावा कोषाध्यक्ष विजय तनेजा, वरिष्ठ महामंत्री जयइन्द्र प्रकाश, वरिष्ठ मंत्री विवेक धमीजा को बनाया है। वहीं उपाध्यक्ष चन्द्र मोहन, योगेश भारत गैस, अजीत मलिक, सुरेन्द्र ठाकुर, सोनू शर्मा, मौहब्बत त्यागी, सुशील कुमार को बनाया है, जबकि संगठन मंत्री हरीश ठकराल, प्रेस प्रवक्ता संदीप गुलाटी, प्रचार मंत्री प्रदीप कुमार और मंत्री के रूप में राम नारायण, मनोज कुमार, नदीम सिद्दीकी, नवदीप मंगल, मोहित नागपाल, इकराम व गौरव को जिम्मेदारी सौंपते हुए सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों से संगठन व व्यापार हित में कार्य करने का आह्वान किया है।

# कलेक्ट्रेट कर्मियों ने 22 मांगों को लेकर की कामबंद हड़ताल

**- पुरानी पेंशन बहाली, नायब तहसीलदार पदों पर प्रोन्नति कोटा दिए जाने की मांग**

**मुजफ्फरनगर, 22 अगस्त (बु.)।** उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के आह्वान पर कलेक्ट्रेट में कार्यरत कर्मचारियों ने अपनी 22 मांगों के समर्थन में आंदोलन करते हुए गुरूवार को कामबंद हड़ताल कर धरना दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में राजस्व परिषद् उत्तर प्रदेश में लम्बे समय से लंबित चली आ रही मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए समाधान कराने की मांग की। उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ की इकाई के बैनर तले कलेक्ट्रेट में जिलाध्यक्ष अम्मार हैदर व मंत्री मनीष शर्मा के नेतृत्व में गुरूवार को कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन करते हुए कामबंद हड़ताल की। कलेक्ट्रेट में मुख्यमंत्री का दौरा होने के बावजूद किसी भी पटल पर काम नहीं किया गया। सभी कर्मी इस बीच पूर्ण एकजुटता दिखाते हुए धरने पर बैठे रहे। हालांकि इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम सम्बोधित ज्ञापन अफसरों के सीएम का दौरे के कारण मीरांपुर में होने के चलते बाबू संजय सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अम्मार हैदर ने कहा कि कलेक्ट्रेट कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर वर्षो से संघर्ष कर रहे हैं। शासन और राजस्व परिषद् में कलेक्ट्रेट कर्मचारियों के हितों से जुड़ी मांग लम्बित चल रही हैं। इसमें कलेक्ट्रेट का नाम मिनी सचिवालय करने, नायब तहसीलदार पदों में दस प्रतिशत प्रोन्नति कोटा कलेक्ट्रेट लिपिक संवर्ग को देने, नई पेंशन नीति को समाप्त करते हुए पुरानी पेंशन व्यवस्था को बहाल करने, लेखा कार्य करने वाले पटल सहायकों को लेखा संवर्ग का वेतनमान देने, अस्थाई पदों को स्थाई करने, नवसृजित जनपदों व तहसीलों में नई भर्ती करने की मांग प्रमुख रूप से शामिल हैं। इस दौरान धरने पर मुख्य रूप से सीता देवी, पंकज कुमार, शेखर वर्मा, जनेश्वर सिंह, धीरजपाल शर्मा, कुलदीप कुमार, रमी मलिक, पुष्पेन्द्र सिंह, विजय कुमार, सिद्धार्थ आदि अन्य कलेक्ट्रेट कर्मचारी मौजूद रहे।



# रामलला के साथ होंगे माता सीता के दर्शन, योगी का आग्रह स्वीकार

**अयोध्या, 22 अगस्त (एजेंसी)।** अयोध्या की दिव्यता को और बढ़ाने के लिए माता सीता की प्रतिमा की स्थापना की तैयारी की जानी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ के आग्रह को रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ने स्वीकार कर लिया है और मंदिर के लिए विशेष स्थान को चिन्हित करने पर काम करेंगे। ट्रस्टीज और योगी आदित्यनाथ के बीच हुई एक बैठक में इस बात पर विचार किया गया। मुख्यमंत्री ने मंदिर ट्रस्ट को इस बात के लिए आग्रह भेजा था। राम मंदिर ट्रस्ट के सचिव ने इस सुझाव को जरूरी माना और इसपर जल्द काम करने का आश्वासन भी दिया। बैठक के दौरान मंदिर की सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई, जिससे राम मंदिर परिसर की भव्यता को और सुंदर बनाया जा सके। मुख्यंत्री योगी आदित्यनाथ ने चर्चा में कहा कि रामलला की प्रतिमा के स्थापना के बाद जब भी संत जनों से मुलाकात होती थी, तो उन्हें राम मंदिर में माता सीता की प्रतिमा के स्थापना करने का सुझाव दिया जाता था। संतों ने यह भी कहा है कि अयोध्या की दिव्यता और भव्यता को निखारने के लिए माता सीता का आशीर्वाद मिलना अत्यंत आवश्यक है। अयोध्या में लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री 7 अगस्त को पहली बार अयोध्या गए थे। माता सीता की रसोई के निर्माण को लेकर पहले से ही फैसला लिया जा चुका है। इस काम के लिए विशेष स्थान को भी तय कर लिया गया है। माता सीता की रसोई के लिए अन्नपूर्णा मंदिर के निर्माण की आधारशिला रखी जा चुकी है।



# आसमान पर बादल, हवा गुम और उमस से पसीना पसीना रहा शहर

**मुजफ्फरनगर, 22 अगस्त (बु.)।** फिर उमस भरी गर्मी के बीच आसमान पर तने बादल लेकिन खामोश हवाओं ने लोगों को बेहाल किया। नगर में तापमान अधिकतम 33.8 और न्यूनतम 25.1 डिग्री पर रहा। इस माह के बाकी दिनों में अब बड़ी बारिश के आसार कम हैं। छिटपुट बारिश जरूर हो सकती है। दिल्ली एनसीआर में बारिश नहीं होने, आंशिक बादल छाए रहने और हल्की हवा के कारण कारण दिन का तापमान बढ़ गया। राष्ट्रीय राजधानी में लगभग तीन सप्ताह तक चली मानसूनी गतिविधियों( बारिश) का मुख्य कारण मानसून ट्रफ था। अब मानसून ट्रफ रेखा दिल्ली के उत्तर में निचले स्तर पर शिफ्ट हो गई है। इसलिए सतही हवा पश्चिमी दिशा में बदल गई है। बता दें, पश्चिमी हवाएँ कम आर्द्र होने के कारण तापमान को बढ़ाती हैं। मानसून ट्रफ के पहले दोलन करने और फिर 48 घंटों के बाद दिल्ली के दक्षिण में शिफ्ट होने की उम्मीद है। हालांकि, इससे दिल्ली के मौसम की स्थिति में कुछ बदलाव होंगे। लेकिन, अगले कुछ दिनों में भारी बारिश की संभावना नहीं है। उत्तरी बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इस निम्न दबाव की गति मानसून ट्रफ को उसकी सामान्य स्थिति से काफी दूर दक्षिण की ओर खींच ले जाएगी। चूंकि, यह मौसम प्रणाली दिल्ली से सुरक्षित दूरी बनाए रखेगी। इसीलिए दिल्ली में मौसम सामान्य रहेगा और प्रभावित नहीं होगा। हां, जब ट्रफ दक्षिण दिशा की ओर बढ़ते हुए दिल्ली के ऊपर से गुजरेगी, तो थोड़े समय के लिए छिटपुट बारिश हो सकती है। मौसम की ऐसे गतिविधि(छिटपुट बारिश) 24 और 25 अगस्त को अधिक होने की संभावना है। लेकिन, भारी बारिश के आसार नहीं हैं। वहीं, 31 अगस्त 2024 से पहले ट्रफ के अपनी सामान्य स्थिति में वापस आने के आसार नहीं हैं। इसीलिए अगस्त महीने के आखिर तक दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में मानसून की बारिश कम और बिखरी हुई रहेगी।



## रोनाल्डो ने यूट्यूब चैनल लॉन्च करते ही 90 मिनट में 10 लाख सब्सक्राइबर्स का बनाया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसी)।** पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने बुधवार को अपना यूट्यूब चैनल लॉन्च किया। रियल मैड्रिड के पूर्व स्टार के फैंस उनके चैनल की सदस्यता लेने और वह किस तरह से अपना जीवन जीते हैं, यह जानने के लिए यूट्यूब पर उमड़ पड़े। फैंस की उत्सुकता इतनी ज्यादा थी कि रोनाल्डो ने सबसे तेज एक मिलियन यानी 10 लाख ग्राहकों के लिए यूट्यूब का रिकॉर्ड तोड़ दिया। रोनाल्डो ने यह उपलब्धि महज 90 मिनट में हासिल की। खबर लिखे जाने तक रोनाल्डो के चैनल पर 13 मिलियन से अधिक सब्सक्राइबर्स हो चुके हैं। फुटबॉल स्टार ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स के माध्यम से अपने यूट्यूब चैनल की शुरूआत की घोषणा की थी, जहां उनके बड़े पैमाने पर फॉलोअर्स हैं। रोनाल्डो के 'एक्स' प्लेटफॉर्म पर 112.5 मिलियन, फेसबुक पर 170 मिलियन और इंस्टाग्राम पर 636 मिलियन फॉलोअर्स हैं। रोनाल्डो ने चैनल लॉन्च का एलान करते हुए अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया, 'इंतजार खत्म हो गया है। मेरा यूट्यूब चैनल आखिरकार जारी हो चुका है! इस नई यात्रा पर मेरे साथ जुड़ें।' अपना पहला वीडियो पोस्ट करने के कुछ घंटों बाद, 1.69 मिलियन फैंस चैनल को सब्सक्राइब कर चुके थे। रोनाल्डो के इस वीडियो को 90 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। 24 घंटे में रोनाल्डो को गोल्डन प्ले बटन भी मिल गया। उन्होंने अपने बच्चों को गोल्डन प्ले बटन दिखाया तो सभी झूम उठे। इसका वीडियो उन्होंने एक्स पर शेयर किया है।




JOB VACANCY
EDUCATED STAFF REQUIRED AT SPARKLES JEWELLERY SHOWROOM
-:Contact:-
SPARKLES
GF 2-3, ASJ Grand Plaza Mall, Bhopa Road, Muzaffarnagar
M:7906683065

घर के काम के लिए कामवाली की आवश्यकता है।
M:8077094441

## 17 पीपीएस अधिकारियों का हुआ तबादला

**लखनऊ, 22 अगस्त (एजेंसी)।** डीजीपी मुख्यालय ने बृहस्पतिवार को 17 पीपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। हाल ही में सीओ से एडिशनल एसपी के पद पर प्रोन्नत हुए कुछ अधिकारी भी इनमें शामिल हैं, जिन्हें उनकी वर्तमान तैनाती के स्थान पर ही प्रोन्नति प्रदान की गयी है। प्रोन्नत हुए पीपीएस अधिकारियों में लखनऊ कमिश्नरेट में तैनात सहायक पुलिस आयुक्त पंकज कुमार सिंह को अपर पुलिस आयुक्त बनाया गया है। इसी तरह एसटीएफ के डिप्टी एसपी लाल प्रताप सिंह व अब्दुल कादिर को एएसपी बना दिया गया है। जौनपुर में सीओ अरविंद कुमार वर्मा प्रथम को वहीं पर एएसपी सिटी बनाया गया है। प्रयागराज में डिप्टी एसपी कुंभ मेला अंशुमान मिश्रा को एएसपी बना दिया गया है। कानपुर नगर में सहायक पुलिस आयुक्त अर्चना सिंह व महेश कुमार को अपर पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। आगरा में सहायक पुलिस आयुक्त पूनम सिरोही को भी अपर पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। यूपीएसआईएसएफ से संबद्ध अतुल कुमार यादव को भी एएसपी बनाया गया है। नोएडा में 49वीं वाहिनी पीएसी में तैनात नितिन कुमार सिंह को उपसेनानायक बनाया गया है। नोएडा में सहायक पुलिस आयुक्त सुमित शुक्ला व सुधीर कुमार को अपर पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। इसके अलावा जौनपुर के एएसपी सिटी बृजेश कुमार गौतम को एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स में एएसपी (ऑपरेशन) बनाया गया है। मेरठ के एएसपी ग्रामीण कमलेश बहादुर का तबादला उप्र पावर कारपोरेशन (दक्षिणांचल) किया गया है। बुलंदशहर में एएसपी क्राइम डॉ. राकेश कुमार मिश्रा को मेरठ का एएसपी ग्रामीण बनाया गया है। फिरोजाबाद के एएसपी सिटी सर्वेश कुमार मिश्रा प्रथम को सीतापुर में 27वीं वाहिनी पीएसी भेजा गया है। अलीगढ़ में सीओ रवि शंकर प्रसाद को फिरोजाबाद का एएसपी सिटी बनाया गया है।

# पुरानी पेंशन मिलेगी या नहीं, 24 घंटे में निर्णय संभव

**- पहली बार पीएम मोदी करेंगे कर्मचारियों संग बैठक**

**नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसी)।** कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाली को लेकर दो राज्यों में विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री मोदी, 24 अगस्त को स्टाफ साइड की राष्ट्रीय परिषद के प्रतिनिधियों से बातचीत करेंगे। एक दशक में ऐसा पहली बार हो रहा है, जब पीएम मोदी ने कर्मचारी संगठनों के नेताओं को बातचीत के लिए बुलाया है। पीएम आवास पर होने वाली इस बैठक में कर्मचारियों के हितों से जुड़े कई दूसरे मुद्दों पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्र सरकार में कर्मचारी नेताओं संग बैठक करेंगे। मतलब ओपीएस पर आर या पार, कुछ तो हो जाएगा। एआईडीईएफ के महासचिव और एआईटीयूसी के राष्ट्रीय सचिव सी. श्रीकुमार ने केंद्रीय बजट पेश होने के बाद कहा था कि केंद्रीय बजट, सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों की उम्मीदों तक पहुंचने में विफल रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट रूप से फैसला सुनाया है कि पेंशन कोई इनाम नहीं है, पेंशन कोई अनुग्रह राशि नहीं है, पेंशन कोई ऐसी चीज नहीं है जो नियोक्ता की इच्छा के अनुसार दी जाती है। यह प्रत्येक सरकारी कर्मचारी का मौलिक अधिकार है। सरकार, जिससे आदर्श नियोक्ता बनने की उम्मीद की जाती है, अब वह सुप्रीम कोर्ट के फैसले का भी सम्मान नहीं कर रही है।

## हज के दौरान एक ही कमरे में नहीं रह सकेंगे बीवी और शौहर

**लखनऊ, 22 अगस्त (एजेंसी)।** सऊदी अरब में इस बार हज के दौरान पति-पत्नी एक ही कमरे में नहीं रह सकेंगे। सऊदी अरब सरकार ने हज के दौरान महिला और पुरुष हज यात्रियों को एक ही कमरे में ठहराने पर रोक लगा दी है। पुरुषों को महिला आजमीन के कमरों में प्रवेश की भी अनुमति नहीं होगी। बता दें कि हर साल करीब पौने दो लाख लोग हज के लिए सऊदी अरब जाते हैं। पिछले साल यूपी से 17,976 लोग हज करने गए थे। हज कमेटी ऑफ इंडिया सऊदी अरब में हज यात्रियों को ठहराने के लिए होटल व बिल्डिंग किराए पर लेती है। जहां राज्यवार महिला व पुरुष हज यात्रियों का ग्रुप बनाकर एक ही कमरों में ठहराने की व्यवस्था करती रही है। हज 2025 के लिए सऊदी हुकूमत ने महिला व पुरुष हज यात्रियों को एक ही कमरे में ठहरने पर रोक लगा दी है। ऐसे में हज कमेटी ऑफ इंडिया ने भी नई गाइडलाइन जारी की है।



## बृजभूषण के खिलाफ गवाही से पहले महिला पहलवानों की सुरक्षा हटाई : विनेश फोगाट

**चंडीगढ़, 22 अगस्त (एजेंसी)।** भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को लेकर एक बार फिर महिला पहलवान विनेश फोगाट ने मोर्चा खोला है। हरियाणा की पहलवान विनेश फोगाट ने बृजभूषण शरण सिंह से जुड़े यौन शोषण मामले को लेकर बड़ा दावा किया है। विनेश ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने कहा कि जिन महिला पहलवानों की बृजभूषण के खिलाफ अदालत में गवाही होने वाली है, दिल्ली पुलिस ने उनकी सुरक्षा हटा ली है। अपने इस पोस्ट में उन्होंने दिल्ली पुलिस, दिल्ली महिला आयोग और राष्ट्रीय महिला आयोग को टैग किया है।

College with Potential for Excellence Awarded by UGC
D.A.V. COLLEGE, MUZAFFARNAGAR
Arya Samaj Road, Muzaffarnagar
Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur / Grade"A" Accredited by NAAC
FACULTY REQUIRED on Contractual basis, for Self-Financed Courses:-
BBA, BFA, M.A. (Drawing & Painting)& M.Sc.(Biotech., Micro.)
Qualification: Post Graduation in Concerned Subject with Ph.D./NET
Apply with Bio-Data & Two photos, in duplicate with attested copies of Educational Certificates till 31 August 2024 to the Incharge (Self Financed Courses), D.A.V. College, Muzaffarnagar by registered post or by hand.
(Sh. Amit Kumar) President, Mgmt.Comm. | (Dr. M.K. Bansal) Secretary, Mgmt.Comm. | Prof. Garima Jain (Principal)
Email: davcollegerecruitment@gmail.com







# मुख्यमंत्री की जनसभा में भी मुजफ्फरनगर प्रशासन की घोर लापरवाही

## कॉपी के पन्नों से छात्र-छात्राओं ने की हवा, पानी की बूंद-बूंद को तरसे लोग

**मुजफ्फरनगर, 22 अगस्त (बु.)।** यूं तो मुजफ्फरनगर प्रशासन की पोल कदम कदम पर खुलती ही रहती है, मगर सूबे के मुख्यमंत्री आयें और उन्हें भी इतने हल्के में लिया जाये तो आसानी से समझा जा सकता है कि इस शासन में सूबे के मुख्यमंत्री की सादगी का कैसा लाभ उठाया जा रहा है। शायद यही शासन किसी अन्य पार्टी का होता और लोग प्यास से बिलबिला रहे होते तो शायद जनसभा के मंच से ही कोई बड़ा अधिकारी रुख्सत हो जाता। मगर भाजपा के शासन में ऐसा कुछ नहीं होता।

मीरापुर के बीआईटी कॉलेज में तकरीबन तीन घंटे छात्र-छात्राओं के साथ साथ आम जनता को भी बिलबिलाना पड़ा और अधिकारी सिर्फ तमाशा ही देखते रहे। शर्मनाक बात यह है कि पानी की बूंद बूंद के लिए तो छात्र-छात्राएं तरसे ही, साथ ही साथ धूप में खड़े होकर लोगों को चंद पंखों का इंतजाम करके गर्मी में तपने को छोड़ दिया गया। वीडियो के माध्यम से सोशल मीडिया पर साफ दिखाई दिया कि टैबलेट लेने आये छात्र-छात्राओं को कॉपी के पन्नों से हाथ हिलाकर पंखे की हवा लेनी पड़ी, मगर कॉपी के पन्नों से कितनी हवा ली जा सकती है, इसका अंदाजा शायद सभी को होगा। कुल मिलाकर हवा तो उक्त शासन में मुजफ्फरनगर का प्रशासन ही नहीं, पूरा शासन ले रहा है। किसी सांसद या विधायक की रैली होती तो बात अलग थी, मगर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रैली में वो भी सम्मान देने वाले छात्र-छात्राओं के साथ शायद आज से पहले किसी दूसरे शासन में देखने को नहीं मिली।

## भाजपा की ही जिला मंत्री हो गई बेहोश

**मुजफ्फरनगर।** चिलचिलाती गर्मी और ऊपर से पंखे व कूलर नाममात्र को, इसकी चर्चा करना तो शायद बेमानी ही है, मगर उस समय सारी व्यवस्थाओं की पोल पूरी तरह खुल गई, जब चिलचिलाती गर्मी से भाजपा की खुद की जिला मंत्री व बरसों पुरानी समर्पित कार्यकर्ता साधना सिंघल कार्यक्रम के बीच ही बेहोश हो गई। उक्त मामले की गूंज ज्यादा दूर तक न पहुंचे, इसलिए मामले को दबा लिया गया और तुरंत एम्बुलेंस से साधना सिंघल को बेहोशी की हालत में बीआईटी में ही भर्ती कराया गया, जहां शाम तक उन्हें उपचार देने के बाद छुट्टी दे दी गई। मगर जिला मंत्री के बेहोश हो जाने से ही यह तय हो गया कि ऐसे में बच्चों की क्या हालत रही होगी और किस तरह छात्र-छात्राएं गर्मी में बिलबिलाए होंगे। अब इस बात का दण्ड किसी को दिया जायेगा या नहीं, इसकी जानकारी तो नहीं है, मगर इतने बड़े कार्यक्रम में अव्यवस्थाओं की पोल पूरी तरह खुल गई है।

## भर्ती प्रक्रिया में भाग लीजिए, कोई माई का लाल आपकी योग्यता पर सवाल नहीं खड़े कर सकता

**मुजफ्फरनगर, 22 अगस्त (बु.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमने दो लाख नौजवानों को नौकरी देने की शुरूआत 232425 अगस्त से पुलिस भर्ती प्रक्रिया के रूप में कर दी है और मैं सभी नौजवानों से कहूंगा कि इस भर्ती प्रक्रिया में जमकर भाग लीजिए कोई माई का लाल आपकी योग्यता पर सवाल खड़ा नहीं कर पायेगा, जो ऐसा करने का प्रयास भी करेगा, उसकी सम्पत्ति को जब्त करके गरीबों में बांट दिया जायेगा।



उन्होंने कहा कि वो दिन लद गये जब शामली, सहारनपुर और मुजफ्फरनगर के नौजवानों को सरकारी नौकरी प्राप्त ही नहीं हुआ करती थी। प्रदेश की सरकार ने अब इसमें अपना अहम योगदान दिया है। उन्होंने याद दिलाया कि कॉमनवेल्थ गेम में मेडल जीतने वाली पारूल चौधरी को डिप्टी एसपी के पद पर नौकरी दी। हमने यहां मिनी स्टेडियम देने का काम किया है, जो खिलाड़ी देश के लिए मेडल जीतेगा, उसके लिए सरकारी नौकरी इंतजार कर रही होगी। अब तक प्रदेश की सरकार ने 500 खिलाड़ियों को नौकरियां दी हैं। उन्होंने कहा कि हम उत्तर प्रदेश के लोग भाग्यशाली हैं, क्योंकि सबसे अधिक युवा हमारे उत्तर प्रदेश में ही है। उन्होंने वादा किया कि वे लगातार नौकरियों और खेल के माध्यम से युवाओं का उत्साहवर्धन करते रहेंगे।









## सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी के कॉम्प्लेक्स पर चला बुलडोजर

**अयोध्या, 22 अगस्त (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में अयोध्या के भदरसा कस्बे में नाबालिग बच्ची के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मुख्य आरोपी सपा नेता मोईद खान के खिलाफ सरकारी भूमि व तालाब पर बनाए गए मल्टी कॉम्प्लेक्स पर बुलडोजर की कार्रवाई हुई। बताया जा रहा है कि गुरुवार रात तक आरोपी का आधा साम्राज्य ढहा दिया जाएगा। इससे पहले तहसील प्रशासन की जांच मे आरोपी की बेकरी तालाब की भूमि पर पाए जाने के बाद तहसील प्रशासन ने बेकरी निर्माण इकाई पर बुलडोजर चलवाकर उसे ध्वस्त करा दिया था। अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येंद्र सिंह ने बताया कि इस बिल्डिंग का निर्माण अवैध ढंग से तालाब की जमीन पर और चकरोड की जमीन पर कब्जा करके किया गया था। विकास प्राधिकरण के द्वारा पूर्व में कई बार नोटिस दी जा चुकी थी। उसके बाद उनके द्वारा मानचित्र नहीं दाखिल किया गया। न तो किसी प्रकार की रुचि ही दिखाई गई। इसके ध्वस्तीकरण का आदेश जून में ही पारित कर दिया गया था। इस आदेश का तामीला कराते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को एक्टिवेट कराया गया है। एसडीएम के द्वारा आगे जांच की जा रही है, आगे भी जो अवैध संपत्ति पाई जाएगी उस पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## किदवईनगर में शिक्षक ने बेरहमी से की छात्र की पिटाई, वीडियो वायरल

**मुजफ्फरनगर, 22 अगस्त (बु.)।** खालापार थाना क्षेत्र के किदवईनगर में मास्टर द्वारा बेरहमी से एक बच्चे की पिटाई की सूचना से फिर एक बार इसकी गूंज शासन प्रशासन तक पहुंची।

उक्त छात्र की कमर पर पूरी तरह लाल निशान पड़े हैं, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस बेरहमी से उक्त छात्र की पिटाई की गई है। उक्त छात्र आठ साल का बताया जा रहा है और छात्र के परिजनों ने शासन प्रशासन से उक्त बच्चे को न्याय दिलाने की गुहार भी लगाई है। वीडियो में छात्र द्वारा पिटाई करने वाले शिक्षक का नाम आसिफ और स्कूल का नाम फारूख बताया जा रहा है। पूरे मामले की जांच संभवतः उक्त वीडियो की गूंज के बाद शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शुक्रवार को करते दिखाई देंगे। अभी तो इस बात का भी शक जाहिर किया जा रहा है कि उक्त स्कूल चलाने के कागजात भी पूरे हैं या नहीं। पूरे मामले की जांच के बाद ही यह तस्वीर साफ होगी कि जो बातें छात्र और उसके परिवार द्वारा बताई जा रही हैं, वह किस हद तक सत्य हैं। मगर तस्वीरें देखकर साफ अंदाजा हो रहा है कि छात्र की पिटाई बड़ी ही बेरहमी के साथ की गई है। जनपद में पहले भी इस तरह की कई घटनाएं चर्चा का विषय बनी हैं। मंसूरपुर के खुब्बापुर में एक छात्र की दूसरे छात्र से पिटाई कराने का मामला देशभर में चर्चा का विषय बना रहा।



## पुजारी से हुई मारपीट के मामले में कार्यवाही की मांग को लेकर आगे आए यश्वीर महाराज

**मुजफ्फरनगर, 22 अगस्त (बु.)।** जनपद के कस्बा पुरकाजी में श्री जहारवीर गोगा म्हाड़ी पर रहने वाले कश्यप परिवार के पुजारियों पर कस्बे के मुसलमानों ने म्हाड़ी में घुसकर लोहे की राड लाठी-डण्डों से जानलेवा हमला किया। पुलिस ने हल्की धारा लगायी। उनकी जमानत बाहर से ही हो गई है। इस सम्बन्ध में महंत योग साधना यशवीर महाराज ने कहा कि मेरा पुरकाजी एसो से पूछना है कि यदि हिन्दू समाज के लड़के इन हमला करने वालों मुसलमानों के घर पर जाके हमला कर दे या किसी मस्जिद में जाकर मारपीट कर दे, तो फिर भी पुरकाजी एसो हिन्दुओं पर ये ही धारा लगायेंगे क्या। हमारा मुजफ्फरनगर पुलिस कप्तान अभिषेक सिंह से आग्रह है कि आप इस विषय को अपने संज्ञान में लेकर हमला करने वाले मुसलमानों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराये और जेल भेजे। यदि इन पर 27 अगस्त तक गंभीर धाराओं में मुकदमा नहीं हुआ और जेल नहीं भेजे गये तो हम 28 अगस्त को दोपहर 12 बजे हिन्दू समाज को लेकर पुरकाजी के लिए कूंच करेंगे। हमला करने वाले मुसलमानों के घर का घेराव करके धरना आन्दोलन तब तक चलेगा, जब तक कार्यवाही नहीं होगी। मुसलमानों के लड़कों ने गरीब हिन्दुओं पर हमले प्रारंभ कर कर दिये हैं, इसलिए सभी सनातनी वीर-वीरांगना 28 अगस्त को पुरकाजी कूच करने की तैयारी प्रारंभ कर दें। हम अपने गरीब हिन्दुओं को जेहादियों के हाथों मरने पीटने के लिए नहीं छोड़ेंगे।

## बाइक फिसलने से बाइक चालक की मौत

**जानसठ, 22 अगस्त (बु.)।** खतौली से जानसठ मार्ग पर बाइक फिसलने से बाइक सवार युवक घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी जानसठ पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने बाइक चालक को मृत घोषित कर दिया। बुधवार की देर रात लगभग 11 बजे कस्बे के मौहल्ला जुम्मा निवासी 23 वर्षीय अमजद पुत्र उस्मान और 22 वर्षीय शौकीन पुत्र इरशाद बाइक द्वारा खतौली से जानसठ आ रहे थे, जैसे ही यह लोग खतौली रोड पर किसान धर्म कांटे के सामने पहुंचे, तो बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिसमें बाइक चालक अमजद पुत्र उस्मान सड़क पर गिरकर सिर सडक पर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया तथा बाइक पर पीछे बैठे शौकीन पुत्र इरशाद को भी मामूली रूप से चोटें आई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने अमजद और शौकीन को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी जानसठ पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने अमजद को मृत घोषित कर दिया। अमजद की मौत होने से परिवार में कोहराम मच गया। स्वजनों ने किसी भी कानूनी कार्यवाही को करने से इनकार कर दिया।

### शेष - 2017 से पहले ...

आज बड़ी बड़ी 50 से अधिक कम्पनियों द्वारा 5000 से अधिक युवाओं को रोजगार दिया गया है। प्रदेश में 150 से अधिक वर्ल्ड क्लास आईटीआई बनाने एवं जल्द ही 10 लाख एमएसएमई लगाई जाएंगी। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित किया गया। जनसभा को सम्बोधित करने के साथ साथ मुख्यमंत्री ने स्वयं रोजगार मेले का अवलोकन कर युवाओं के साथ संवाद भी किया। मुख्यमंत्री के साथ कार्यक्रम में मंत्री विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी अनिल कुमार, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता कपिल देव अग्रवाल, राज्यमंत्री वन पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन के.पी.मलिक, राज्यमंत्री उर्जा एवं वैकल्पिक उर्जा, डा. सोमेन्द्र तोमर, सांसद बिजनौर चन्दन चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सदस्य विधान परिषद मोहित बेनीवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल, पूर्व सांसद संजीव बालियान, पूर्व सांसद कुंवर भारतेन्द्र, विधायक शामली प्रसन्न चौधरी, भाजपा नेता मिथलेश पाल, प्रशान्त चौधरी, अचिन्त मित्तल, पूर्व सांसद सोहनवीर, पूर्व विधायक विक्रम सैनी, पालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप, अभिषेक चौ., विधायक खतौली मदन भैया, विधायक बुढ़ाना राजपाल बालियान, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी, एसएसपी अभिषेक सिंह सहित सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

## कोलकाता रेप केस में सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की खिंचाई की

### वकील कपिल सिब्बल को कोर्ट ने हंसने पर लगाई फटकार

**नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसी)।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में लेडी डॉक्टर के रेप और मर्डर केस के मामले की सुनवाई इस वक्त सुप्रीम कोर्ट में हो रही है। इस मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस (उखक) डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ कर रही है। इस सुनवाई के दौरान जस्टिस पारदीवाला ने पश्चिम बंगाल राज्य सरकार के वकील कपिल सिब्बल से पूछा की इस केस की यूडीमें लेडी डॉक्टर की वऊ कब दर्ज की गई और बिना यूडी के पोस्टमार्टम कैसे किया गया। जस्टिस पारदीवाला ने पश्चिम बंगाल सरकार से पोस्टमार्टम की समयसीमा और अपराध को अप्राकृतिक मौत (यूडी) के रूप में दर्ज करने के बारे में लगातार सवाल पूछे। पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल पर भड़क गए। दरअसल, तुषार मेहता की एक दलील पर कपिल सिब्बल हंस पड़े। सिब्बल के इस हरकत पर तुषार मेहता ने कहा कि कम से कम हंसिए तो मत। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि अगर यह अप्राकृतिक मौत का मामला नहीं है, तो इसे पोस्टमार्टम के लिए क्यों ले जाया गया। पोस्टमार्टम 18:10 बजे शुरू होता है और 19:10 बजे खत्म होता है, 23:30 बजे यूडी (अप्राकृतिक मौत का मामला) दर्ज करने का क्या मतलब था। यूडी केस थाला पुलिस स्टेशन में 23:30 बजे दर्ज किया गया और एफआईआर 23:40 बजे दर्ज की गई। यह बहुत ही आश्चर्यजनक है कि यूडी दर्ज करने से पहले पोस्टमार्टम किया गया। अगर यह सच है तो कुछ खतरनाक है। पुलिस विभाग में कई ऐसे शब्द हैं, जिनका इस्तेमाल पुलिस रोजाना करती है। ऐसा ही एक शब्द जीडी है। जीडी का मतलब जनरल डायरी होता है। इसे आम बोलचाल की भाषा में पुलिस का रोजनामचा भी कहा जाता है। पुलिस एक्ट 1861 की धारा 44 में इसकी परिभाषा दी गई है। जनरल डायरी पुलिस थाने का ऐसा दस्तावेज होता है, जिसमें थाने और थाना के प्रभारी की हर कार्रवाई का ब्योरा लिखा जाता है।

### मोदी योगी की तारीफ की तो मिला तीन तलाक

**बहराइच, 22 अगस्त (एजेंसी)।** अयोध्या का विकास देखकर विवाहिता को अपने पति से मोदी-योगी की तारीफ करना भारी पड़ गया। महिला की पिटाई कर जलाने का प्रयास किया गया। घर से निकालकर तीन तलाक दे दिया। जरवलनगर पंचायत के मुहल्ला सराय निवासी मोहम्मद शरीफ की पुत्री मरियम की शादी 13 दिसंबर 2023 को अयोध्या जिले के कोतवाली नगर के मुहल्ला दिल्ली दरवाजा के अरशद के साथ हुई थी। महिला अपने पति से अयोध्या की खूबसूरती के बारे में योगी-मोदी की तारीफ करने लगी। इस पर पति आगबबूला हो गया और उसे मायके भेज दिया। दोबारा ससुराल पहुंची तो पति ने तीन तलाक दे दिया। आरोप है कि उसका गला दबा दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। सास के कहने पर अरशद ने रसोई से चूल्हे पर रखी गरम दाल लाकर उसके चेहरे पर फेंक दिया, जिससे वह झुलस गई। मारपीट कर महिला को घर से बाहर निकाल दिया।

## वेज मोमोज में निकली हड्डी, इलाके में भड़के लोग

**सिंभावली।** गढ़ कोतवाली क्षेत्र के गांव सादुल्लापुर निवासी युवक गुरुवार की देर शाम अपने साथियों के साथ सिंभावली क्षेत्र गांव देवली में एक मुस्लिम युवक की फास्ट फूड की दुकान पर मोमोज खाने के लिए गया था। जहां मोमोज खाने के दौरान उसमें हड्डी निकल गई। जिसे देखकर युवक ने दुकानदार से शिकायत की, तो उसने युवक के साथ अभद्रता की। जिससे गुस्साए युवक ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा होने पर आसपास के लोग भी एकत्र हो गए। युवक ने 112 पर कॉल कर पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। लेकिन इससे पहले ही आरोपी दुकानदार अपनी दुकान बंद कर भाग निकला। वहीं पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए सभी लोगों को शांत करते हुए मामले की जांच की बात की। वहीं युवक ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पीड़ित का कहना है कि वह शाकाहारी है और उसके खाने में हड्डी निकलना सरासर गलत है, इसलिए आरोपी दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

## 6.70 लाख युवाओं को दिया रोजगार : कपिल

**मुजफ्फरनगर, 22 अगस्त (बु.)।** कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए राज्य सरकार निरंतर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर रही है। प्रदेश सरकार का उद्देश्य युवाओं को न केवल रोजगार उपलब्ध कराना है, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए भी तैयार करना है। उन्होंने बताया कि उ०प्र० कौशल विकास मिशन के अंतर्गत दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना और अन्य योजनाओं के माध्यम से लाखों युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। पिछले सात वर्षों में इस मिशन के तहत 16.50 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें से 6.70 लाख से अधिक को रोजगार मिला है। कपिल देव अग्रवाल ने "प्रोजेक्ट प्रवीण" का उल्लेख करते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत पिछले दो वर्षों में लगभग 65,000 विद्यार्थियों को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। वर्ष 2024 से इस योजना का विस्तार करते हुए प्रदेश के प्रत्येक जिले के प्रमुख स्कूलों में कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। राज्य में 305 राजकीय और 2932 निजी आईटीआई के माध्यम से 5.50 लाख से अधिक सीटें युवाओं के लिए उपलब्ध कराई गई हैं। पिछले छह वर्षों में 90 से अधिक नए राजकीय आईटीआई की स्थापना की गई है, जिनमें से कुछ पीपीपी मॉडल पर संचालित हो रहे हैं। उद्योग 4.0 की मांग के अनुरूप, 150 राजकीय आईटीआई का उन्नयन टाटा टेक्नोलॉजीज के सहयोग से किया जा रहा है, ताकि युवाओं को उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि योगी सरकार का संकल्प युवाओं को रोजगार और कौशल विकास के क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करना है, जिससे वे अपने भविष्य को संवार सकें और प्रदेश की प्रगति में योगदान दे सकें।





# महिला की मौत पर घंटों चला हंगामा, धरने के बाद समझौता

**मुजफ्फरनगर, 22 अगस्त (बु.)।** रुड़की रोड स्थित इंडियन हॉस्पिटल पर उस समय बड़ा हंगामा हो गया, जब डिलिवरी के बाद महिला के टांकों से खून आने लगा और उसकी कुछ ही घंटों के बाद मौत हो गई।

मोरना के रहने वाले राहुल की पत्नी जिला महिला चिकित्सालय में डिलीवरी के लिए आई थी, जिसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे वहां से रैफर किया गया था। रैफर करने के बाद रुड़की रोड स्थित इंडियन हॉस्पिटल में राहुल की पत्नी सोनी डिलीवरी कराई गई। डिलीवरी के बाद ऑपरेशन होने के कारण सोनी को टांके लगा दिये गये, मगर कुछ ही देर में उन टांकों में से खून रिसने लगा। परिजनों के अनुसार उन्होंने इसकी जानकारी हॉस्पिटल के स्टाफ के माध्यम से डॉक्टरों तक पहुंचाई, मगर परिजनों का आरोप है कि किसी तरह की कोई सुनवाई नहीं हुई और चंद घंटों में सोनी की मौत हो गई। मौत के बाद गुस्साये परिजनों ने उक्त हॉस्पिटल पर हंगामा तो किया ही, साथ ही मोरना से अपने सहयोगियों को भी बुला लिया। लगभग चार घंटे तक चलते रहे हंगामे के बाद परिजनों ने घोषणा कर दी कि वे तभी यहां से जायेंगे तब उनकी समस्या का समाधान हो जायेगा। दोपहर बाद धरने पर बैठे परिजनों को अस्पताल प्रबंधक ने सहमत कर लिया और धरना समाप्त कर दिया गया और परिजन मृतक महिला को लेकर वापस लौट गये।





## एम्बुलेंस चालकों पर जमकर लगाये जीवन के साथ खिलवाड़ करने के आरोप

**मुजफ्फरनगर।** भोपा निवासी सोनू व उसके परिजनों ने महिला की मौत के बाद खुलकर एम्बुलेंस चालक पर भी आरोप लगाये। उनका कहना था कि जब जिला चिकित्सालय से महिला को रैफर किया गया तो आनन फानन में एम्बुलेंस चालक ने उनका माइंड डाइवर्ट कर दिया और कहा कि नजदीक ही एक बहुत अच्छा प्राइवेट हॉस्पिटल है और वे उसकी बातों में आकर इंडियन हॉस्पिटल जा पहुंचे और बाद में उक्त हॉस्पिटल के जो हालात देखे उससे वो हैरत में तो रह ही गये, साथ ही साथ अपने परिवार की महिला की जान भी गवां बैठे। ऐसे में परिजनों ने खुलकर कहा कि चंद पैसों के लालच में सिर्फ डॉक्टर ही नहीं एम्बुलेंस चालक भी आम आदमी के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। एम्बुलेंस चालकों का सीधा सीधा कमीशन इन अस्पतालों से बंधा हुआ है, जो उन्हें एम्बुलेंस चलाने से ज्यादा आमदनी दे रहा है। इसी के चलते आम आदमी के जीवन से खिलवाड़ हो रहा है।

## जान जाने के बाद सिर्फ ऑपरेशन थियेटर किया गया सील

**मुजफ्फरनगर।** रुड़की रोड़ स्थित इंडियन हॉस्पिटल में महिला की मौत के बाद मात्र औपचारिकता पूरी करते हुए हॉस्पिटल का ऑपरेशन थियेटर सील किया गया। उक्त जानकारी उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन कुमार ने देते हुए बताया कि फिलहाल कार्यवाही करते हुए हॉस्पिटल का ऑपरेशन थियेटर सील किया गया है, क्योंकि पांच घंटे तक परिजनों का हंगामा चला, इसलिए अभी कागजी कार्यवाही पूरी तरह से नहीं हो पाई है। अगले तीन दिन के अंदर हॉस्पिटल संचालक को महिला के उपचार सम्बंधी कागजात सहित अपनी सफाई देने के लिए कहा गया है। तीन दिन बाद उक्त मामले में कार्यवाही को अंजाम दिया जायेगा। डॉ. विपिन कुमार का कहना है कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट क्या कहती है, उस पर भी पूरी कार्यवाही आधारित रहेगी। अब देखना यह होगा कि तीन दिन बाद उक्त मामले में कितनी गंभीरता बरती जाती है।

## नौकरी देने वाली कंपनियों ने भी किया धन्यवाद

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वामी कल्याण देव जी महाराज के शिक्षा के अभियान को आगे बल देते हुए मुजफ्फरनगर की धरती से जिस तरह स्वामी कल्याण देव ने शिक्षा को पूरे देश में फैलाने का काम किया था, इसी अभियान के साथ सरकार आपको जोड़ने के लिए आज यहां आई है। हमारे पास एक प्रेरक कार्ययोजना है, विकास की भी सुरक्षा की भी, रोजगार की भी और उसका यह छोटा सा नमूना आपने यहां देख लिया होगा। किसी ने भी विश्वास नहीं किया होगा कि एक तरफ छात्र ने डिग्री ली और दूसरी तरफ उसी के गांव में उसी के जनपद में उसी को नौकरी दे दी गई। उन्होंने नौकरियां देने वाली कंपनियों का धन्यवाद अदा करते हुए कहा कि छात्र जैसे ही पास आउट होगा उक्त सभी कंपनियां उन्हें नौकरियां देने का काम हाथों हाथ करेंगी। भारत सरकार पीपी मोड पर विकास का कार्य करता है और वे खुद देखकर आये हैं कि क्या इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग, इन्फ्रास्टक्चर खड़ा करके टेक्नालॉजी का प्रबंध का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि यह मोदी जी का देश है, आप अपनी आकांक्षाओं की पूर्ति कीजिए। हमने हर तीसरे महीने इस प्रकार के रोजगार के अवसर की मंशा बनाई है। उत्तर प्रदेश में अब नौजवानों को भटकना नहीं पड़ेगा, इन्हीं कंपनियों और इंस्टीट्यूटों के माध्यम से उन्हें रोजगार मिलने में भारी सफलता मिलेगी।

# पालिका में शामिल 11 गांवों में अब टैक्स लगाने की तैयारी

- चेयरपर्सन के आदेश पर टैक्स विभाग ने शुरू की कवायद
- पालिका क्षेत्र में फिर से भवनों को मिलेगा अब नया मकान नंबर

**मुजफ्फरनगर, 22 अगस्त (बु.)।** नगरपालिका परिषद् अब फजीहतों के बाद खर्च कम कर अपनी आय पर ध्यान देने के लिए शहर के उन क्षेत्रों में टैक्स लगाने और वसूलने की तैयारी शुरू कर रही है, जो सीमा विस्तार के बाद पालिका क्षेत्र में शामिल हुए हैं। इनमें 11 गांवों में आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 से टैक्स वसूलने का लक्ष्य तय करते हुए पालिका चेयरपर्सन के निर्देशों पर टैक्स विभाग नए क्षेत्रों का सर्वे कराकर भवनों पर नया नम्बर देने की तैयारी कर रही है। इसके लिए ब्लू प्रिंट तैयार किया गया है। नक्शा बनने पर स्वःकर निर्धारण की प्रक्रिया के तहत घरेलू एवं व्यवसायिक भवनों पर टैक्स लागू होगा। यूपी सरकार द्वारा नगरपालिका परिषद् मुजफ्फरनगर का बीते वर्ष सीमा विस्तार करते हुए शहर से सटे 11 आबाद गांवों बीबीपुर, अलमासपुर, शाहबुद्दीनपुर, कूकड़ा, सरवट, सहावली, सूजड़ू, वहलना, मीरापुर, मन्धेडा और खांजहांपुर को पालिका क्षेत्र में शामिल किया गया था। वहीं बिलासपुर, शेरनगर, मुस्तफाबाद और मुजफ्फरनगर गैर आबाद की कुछ भूमि पालिका क्षेत्र में शामिल की थी। इसके लिए 29 सितम्बर 2022 को प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने सीमा विस्तार की अधिसूचना जारी कर इन आबाद और गैर आबाद 15 गांवों के पालिका क्षेत्र में शामिल होने के बाद शहरी क्षेत्र में 4524 हेक्टेयर क्षेत्रफल बढ़ गया था। इसके साथ ही इन गांवों में करीब 1.78 लाख लोग पालिका क्षेत्र में आकर शहरी हो गए। सीमा विस्तार के करीब दो वर्ष पूरे होने के बावजूद अभी तक इन ग्रामों की सरकारी भूमि राजस्व विभाग व तहसील प्रशासन द्वारा पालिका को हस्तांतरित नहीं की। इस सीमा विस्तार के बाद मौजूदा बोर्ड पर 11 आबाद गांवों में पथ प्रकाश, पेयजलापूर्ति, सड़क और नाली निर्माण, नालों की सफाई, नियमित सफाई व्यवस्था को लेकर बजट खर्च कर रहा है, जबकि क्षेत्र से पालिका को आय नहीं हो रही है। इसे देखते हुए अब पालिका ने इन 11 गांव की आबादी पर गृहकर और जलकर लगाने की तैयारी की है। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के आदेश पर टैक्स विभाग के अफसरों ने इसके लिए मंथन शुरू कर दिया है।



**इन्होंने कहा-**

**कर निर्धारण अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि नगरपालिका सीमा विस्तार के दौरान शहरी क्षेत्र में शामिल 11 गांवों की आबादी को अब टैक्स के दायरे में लाने की तैयारी है। इसके लिए सर्वे शुरू कराया जाएगा। पहले चरण में मौहल्लावार व दूसरे चरण में वार्डवार नक्शा बनाने के साथ तीसरे चरण में भवन चिन्हीकरण करते हुए उनको नया नम्बर दिया जायेगा। इसके बाद स्वःकर निर्धारण प्रक्रिया को पूर्ण कराकर टैक्स निर्धारित करते हुए राजस्व वसूली का काम शुरू कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि सर्वे कार्य में कई माह का समय लगने की संभावना है। ऐसे में पालिका प्रशासन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 से नए क्षेत्र के भवन स्वामियों से टैक्स वसूलने का लक्ष्य तय किया है।**

## शहर में अतिक्रमण पर बिफरे योगी

**सहारनपुर, 22 अगस्त (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को सहारनपुर पहुंचे। पुलिस लाइन सभागार में हुई संगठन की बैठक में महापौर डा. अजय कुमार सिंह पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि लोगों का उपचार करने वाले खुद ही बीमार हैं। तब ही तो शहर में न तो अतिक्रमण हट रहा है और न ही आय के साधन बढ़ रहे हैं। उधर, पदाधिकारियों ने कहा कि पुलिस उनकी सुनती नहीं, तो वे जनता के काम कैसे कराएं। सीएम ने नगर निगम को लेकर तल्ख टिप्पणी करते हुए महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह से कहा कि आपको शहर के हालात ठीक करने थे, लेकिन शहर अतिक्रमण से अटा पड़ा है। अतिक्रमण हटाने से यदि चार लोग नाराज होते हैं तो होने दो, लेकिन एक लाख को उसका फायदा भी तो मिलेगा। जनप्रतिनिधियों से कहा कि हर दिन दो घंटे जनसमस्याएं सुनें। प्रभारी मंत्री हर माह डीएम, एसएसपी, जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। पिछली बैठक में आई समस्याओं का अगले माह रिव्यू करें। सीएम ने कहा कि जिले के भ्रष्ट अधिकारियों की प्रमाण के साथ सूची उपलब्ध कराएं। कोई अधिकारी समन्वय से काम नहीं कर रहा तो शासन को अवगत कराओ। बातचीत के दौरान सीएम ने प्रदेश भर के प्रभारी मंत्री बदलने के भी संकेत दिए। मुख्यमंत्री की बैठक 12 बजे शुरू होकर डेढ़ बजे तक चली। इसमें केवल वर्तमान पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और चुनाव लड़ने वाले दोनों प्रत्याशी शामिल थे। पूर्व पदाधिकारियों और पूर्व जनप्रतिनिधियों को बैठक से निकाल दिया गया। एक-एक पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों से बात की।